Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 145 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 26 नवम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



तृष्णा, वासना के द्वारा डसा हुआ जीवन भव-भव में विषाक्तमय होता है।

Life stung by desire and lust become venomous per several body-forms to come.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक सुनील सोनी 28 को लेंगे शपथ



**रायपुर (विसं)।** रायपुर दक्षिण के नव निर्वाचित विधायक सुनील कुमार सोनी 28 नवंबर को 11 बजे अध्यक्षीय कक्ष में सदस्यता की शपथ लेंगे। स्पीकर डॉ. रमन सिंह 27 नवंबर तक बाहर हैं। इससे पहले सोनी ने आज विधानसभा भवन सचिव दिनेश शर्मा से मुलाकात कर निर्वाचन प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक समस्त प्रपत्रों की पूर्ति की। सोनी ने विधायकों को दी जाने वाली सुविधाओं की सम्पूर्ण जानकारी ली। इसके पूर्व विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने सोनी का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू में आज प्लेसमेंट कैंप

**रायपुर (विसं)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू रायपुर में आईटीआई/ डिप्लोमा/ डिग्री उत्तीर्ण युवाओं के लिए 26 नवंबर 2024 मंगलवार को प्रातः 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायपुर तथा आस-पास के क्षेत्रों से प्रतिष्ठित संस्थान जैसे जायसवाल निकी सिलतरा, हीरा पॉवर प्लांट, जिंदल स्टील प्लांट, Rezute इलेक्ट्रानिक प्रा.लि., अशोक लीलेंड, ड्यूराटेक, कल्पतरु पॉवर प्लांट प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

## संसद का शीतकालीन सत्र : हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही 27 नवंबर 11 बजे तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार 25 नवंबर से शुरू हो गया। हालांकि हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही 27 नवंबर 11 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इसके पहले सोमवार 11 बजे संसद के शीतकालीन सत्र का शुभारंभ किया गया। सबसे पहले दिवंगत सांसदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद संसद की कार्यवाही शुरू की गई। लेकिन लोकसभा में मणिपुर समेत दूसरे मुद्दों को लेकर विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने और कार्यवाही को सुगम तरीके से चलने देने में सहयोग देने की अपील की। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष की अपील का हंगामा कर रहे सांसदों पर कोई प्रभाव नहीं



पड़ा। हंगामा बढ़ता ही जा रहा था। इसे देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही 27 नवंबर 11 बजे दिन के लिए स्थगित कर दी। अब 29 नवंबर को 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होगी।

### शीतकालीन सत्र की शुरुआत पर बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## जिन्हें जनता ने बार-बार नकारा, वे संसद में चर्चा नहीं होने देते

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मीडिया को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शीतकालीन सत्र में माहौल शीत रहेगा। पीएम मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, शीतकालीन सत्र है और माहौल भी शीत ही रहेगा। 2024 का ये अंतिम कालखंड चल रहा है, देश उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में भी लगा हुआ है।



उन्होंने आगे कहा, संसद का ये सत्र अनेक प्रकार से विशेष है। सबसे बड़ी बात है कि हमारे संविधान की यात्रा का 75वें साल में प्रवेश अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही उज्जवल अवसर है। कल संविधान सदन में सब मिलकर संविधान के 75वें वर्ष के उत्सव की शुरुआत करेंगे। संविधान निर्माताओं ने संविधान का निर्माण करते समय एक एक बिंदु पर बहुत विस्तार से बहस की है और तब जाकर ऐसा उत्तम दस्तावेज हमें प्राप्त हुआ है। हमारे संविधान की महत्वपूर्ण इकाई- संसद और हमारे सांसद हैं। पार्लियामेंट में स्वस्थ चर्चा हो, ज्यादा से ज्यादा लोग चर्चा में अपना योगदान दें।

पीएम मोदी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संसद को भी मुट्ठी भर लोगों की हुड़दंगबाजी से कंट्रोल करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका अपना मकसद तो सफल नहीं होता, लेकिन देश की जनता उनके सारे व्यवहार देखती है और जब समय आता है तो उन्हें सजा भी देती है, लेकिन सबसे पीड़ादायक बात यह है कि नए सांसद नए विचार, नई ऊर्जा लेकर आते हैं और वे किसी एक पार्टी के नहीं, बल्कि सभी पार्टियों के होते हैं। कुछ लोग उनके अधिकारों का हनन करते हैं और उन्हें सदन में बोलने का मौका भी नहीं मिलता है। उन्होंने आगे कहा, जिन्हें जनता ने लगातार 80-90 बार नकार दिया है, वे संसद में चर्चा नहीं होने देते। वह ना तो लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हैं और ना ही वह लोगों की आकांक्षाओं के महत्व को समझते हैं। लोगों के प्रति उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है, वे जनता को समझ नहीं पाते हैं।

## संविधान के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर आज 26 नवंबर को राजधानी रायपुर में संविधान दिवस पदयात्रा

### मुख्यमंत्री साय, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रीमण्डल के सहयोगी, विधायकगण और गणमान्य नागरिक होंगे शामिल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय संविधान के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर 26 नवंबर 2024 को सुबह 9.30 बजे राजधानी रायपुर में पदयात्रा का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पदयात्रा के प्रारंभ में पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय के सभागार में संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके बाद चिकित्सा महाविद्यालय कलेक्टोरेट परिसर अम्बेडकर चौक तक पदयात्रा निकाली जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संविधान दिवस पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव, श्री विजय शर्मा, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री श्री तोखन साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, लोक सभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्वश्री राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब के साथ छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर शामिल होंगे।

## सीएम की सिक्योरिटी में चूक, दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर-रायपुर (विसं)।** सीएम विष्णुदेव साय की सुरक्षा में बड़ी चूक हो गई। अरपा रिवर व्यू के कार्यक्रम के दौरान बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाया जा रहा था। सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में 2 युवक को गिरफ्तार किया है। उनके पास से ड्रोन भी बरामद कर लिया गया है। दरअसल सीएम विष्णुदेव साय का शनिवार को बिलासपुर दौरा था। इस दौरान वह अलग अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। ऐसा ही एक कार्यक्रम अरपा रिवर व्यू में रखा गया था। इस दौरान क्षेत्र को नो फ़्लाइंग जोन घोषित किया गया था। इसके बावजूद आसमान में ड्रोन उड़ रहा था। यह ड्रोन सीएम के आसपास भी मंडराता नजर आया।

## भारत ने हमेशा एकता और अखंडता के गहरे सत्य को किया है स्वीकार : मोहन भागवत

**हैदराबाद (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि जहां दुनिया अपनी मंजिल पर विचार किए बिना आगे बढ़ रही है, वहीं भारत ने हमेशा एकता और अखंडता के गहरे सत्य पर विचार किया है।



लोक मंथन भाग्यनगर 2024 में बोलते हुए, आरएसएस प्रमुख ने भारत की धर्म और जीवन के निर्माण की शाश्वत अवधारणाओं पर अपने विचार रखे। भागवत ने कार्यक्रम में कहा, हमारे पूर्वज अस्तित्व की एकता की सच्चाई जानते थे, वे समझते थे कि यही सब कुछ है इसलिए विविधता है। यह कुछ समय तक चलती है, फिर केवल एकता रह जाती है। एकता शाश्वत है और विविधता में भी एकता है, अगर हम इसे तलाशने की कोशिश करें। उन्होंने कहा, उन लोगों को जवाब देने की कोई आवश्यकता नहीं है जिनके प्रयोग पिछले 2,000 वर्षों में विफल रहे हैं। हमारा ध्यान अपने लोगों का मार्गदर्शन करने पर होना चाहिए, जो झूठे आख्यानों में उलझे हुए हैं।

## संभल में असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने बिगाड़ा माहौल, भाजपा सरकार है जिम्मेदार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यूपी के संभल जिले में रविवार को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा पर राजनीति तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना, जिसकी सीधी जिम्मेदार भाजपा सरकार है।



उन्होंने आगे कहा, भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू-मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना ना प्रदेश के हित में है और ना देश के। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं। राहुल गांधी ने लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की। उन्होंने कहा, मेरी अपील है कि शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह सुनिश्चित करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफरत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े।

इससे पहले प्रियंका गांधी ने संभल में हुई हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट से संज्ञान लेने की अपील की थी। उन्होंने कहा, संभल, उत्तर प्रदेश में अचानक उठे विवाद को लेकर राज्य सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इतने संवेदनशील मामले में बिना दूसरा पक्ष सुने, बिना दोनों पक्षों को विश्वास में लिए प्रशासन ने जिस तरह हड़बड़ी के साथ कार्रवाई की, वह दिखाता है कि सरकार ने खुद माहौल खराब किया। प्रशासन ने जरूरी प्रक्रिया और कर्तव्य का पालन भी जरूरी नहीं समझा। माननीय सुप्रीम कोर्ट को इस मामले का संज्ञान लेकर न्याय करना चाहिए। प्रदेश की जनता से मेरी अपील है कि हर हाल में शांति बनाए रखें।

## विधानसभा चुनाव में हार के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पद से दिया इस्तीफा

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली है। इन खराब नतीजों के चलते पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने इस्तीफा दे दिया है। नाना पटोले ने चुनाव में खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली है और अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र कांग्रेस में कलह और तेज हो सकती है। राहुल गांधी, खरगे समेत कई नेताओं ने इन नतीजों की विस्तृत समीक्षा करने की बात कही है।

नाना पटोले खुद भी इस चुनाव में बमुश्किल 208 वोटों से ही जीत दर्ज कर पाए। उनके अलावा दो अन्य वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण और बालासाहेब थोराट को भी हार का सामना करना पड़ा है। वह भंडारा जिले की सकोली विधानसभा सीट से उतरे थे, जहां अंत तक टाइट फाइट रही। फिर भी नाना पटोले किसी तरह जीत गए। कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में महज 16 सीटें ही मिल पाईं। कभी कांग्रेस महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी हुआ करती थी, लेकिन बीते कई दशकों से उसकी स्थिति गिर ही रही है।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को दिए फल, मिठाई और कम्बल, बुजुर्गों के साथ केक काटकर अपने जन्मदिन की शुरुआत की

- मां महामाया के किए दर्शन, सफाई कर्मियों के पखारे पैर
- रतनपुर और कोटा में विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन, हितग्राहियों को पूर्ण आवासों की चाबी सौंपी
- उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा- सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर है अग्रसर




**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज अपने जन्मदिन पर परिवार सहित बिलासपुर के कल्याण कुंज वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। श्री साव ने बुजुर्गों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके साथ समय बिताया। उन्होंने बुजुर्गों को कंबल, फल और मिठाई दिया। बुजुर्गों ने केक काटकर उप मुख्यमंत्री श्री साव का जन्मदिन मनाया और उनकी अच्छी सेहत व दीर्घायु जीवन के लिए आशीष दिया।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज रतनपुर पहुंचकर मां महामाया की पूजा-अर्चना की और राज्य की तरक्की, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में सफाई मित्रों का पैर पखारकर उनका सम्मान किया। श्री साव की जन्मदिन की खुशी में लोगों ने वहां उन्हें लड्डुओं से तौला और सभी का मुंह मीठा कराया। उप मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रगति की ओर तेजी से अग्रसर है। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को उनके पूर्ण आवासों की चाबी सौंपी। उन्होंने रतनपुर में करीब दो करोड़ रुपए के विकास कार्यों के साथ ही हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। इनमें 30 लाख रुपए के छह ई-रिक्शा भी शामिल हैं।

अरुण साव ने कार्यक्रम में कहा कि ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व की नगरी रतनपुर के पुराने वैभव को वापस लाने के लिए हम वचनबद्ध हैं। पिछले दस महीनों में यहां लगभग छह करोड़ रुपए के विकास कार्य किए गए हैं। आगे भी पूरी सक्रियता से यहां काम होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बिलासपुर जिले के कोटा नगर पंचायत में छह करोड़ 73 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोटा तेज गति से आगे बढ़े, इसके लिए हम लोग गंभीरता से काम कर रहे हैं। यहां की साफ-सफाई की व्यवस्था को और भी दुरुस्त करने की जरूरत है। साफ-सफाई का काम अकेले नगर पंचायत का नहीं है। हम सभी को इसमें भागीदारी निभानी होगी।



www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



# बालको वॉलीबॉल प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न



**कोरबा-बालकोनगर(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अंतरविभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से संपन्न किया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रोजेक्ट फिमेल्स टीम ने सिक्योरिटी स्पाइकर्स टीम को हराकर फाइनल विजेता टीम का खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी ए ने रोचक मुकाबले में पॉटरूम स्टार्स को मात देकर फाइनल विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। पॉवर राकर्स ने कास्ट बस्टर्स टीम को मात देकर प्रतियोगिता में अपना तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। इस प्रतियोगिता में कुल 36 पुरुष और 6 महिला टीमों ने हिस्सा लिया। लगभग 15 दिनों तक चले वॉलीबॉलप्रतियोगिता में कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेका कामगारों, विभिन्न इकाइयों में कार्यरत महिलाएं तथा बालको अस्पताल की महिला एवं पुरुष टीमों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। सभी विजेता टीम को कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में बेस्ट स्पाइकर्स सूरज, बेस्ट स्मैशर बिबेकानंद मोहराना (बापूनी) तथा बेस्ट डिफेंडर विजय मिश्रा को चुना गया। वहीं महिला वर्ग में बेस्ट स्पाइकर्स रुपांजली, बेस्ट स्मैशर सुमन चंद्रवंशी तथा बेस्ट डिफेंडर की खिताब पुष्पांजली चैहान को मिला। प्रतियोगिता में सभी टीमों को खेल की सराहना करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि टीम भावना, एकजुटता और पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने के उद्देश्य से खेल स्पर्धाओं का आयोजन महत्वपूर्ण है। कंपनी अपने कर्मचारियों एवं व्यावसायिक भागीदारों के स्वास्थ्य के लिए नियमित विभिन्न खेलों का आयोजन किया है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालको के अधिकारी, कर्मचारी, व्यावसायिक भागीदारों और टाउनशिप सहित कुल महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों को मिलाकर 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। टीम भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धा मैच के अलावा सद्भावना मैच जिसमें कमेटी बनाम रेफरी टीम तथा मैनेजमेंट बनाम ट्रेड यूनियन के बीच खेला गया।

# हैवी ब्लास्टिंग समस्या : प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों ने ली हड़ताल वापस

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल की कोयला खदानों में हैवी ब्लास्टिंग को कम करने के लिए चल रहे आंदोलन को लेकर प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। दूसरे दिन जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित किया। जिला प्रशासन ने प्रबंधन के साथ भू-विस्थापितों की बैठक कर समस्या के समाधान का ठोस आश्वासन दिया और ग्रामीणों को ब्लास्टिंग स्थल से हटने के लिए कहा। एसईसीएल में गेवरा खदान विस्तार के लिए ग्राम अमगांव की जमीन का अधिग्रहण किया है। खदान का विस्तार ग्राम की बस्ती से 500 मीटर के दायरे में पहुंच गया है। इससे ग्रामीण नाराज हैं। ग्रामीणों का आरोप लगाते हुए कहना है कि खदान में होने वाली हर ब्लास्टिंग से उनके ग्राम की जमीन कांप उठती है। मकानों में दरारें पड़ गई है और ब्लास्टिंग से उडकर पत्थर उनके घरों में गिरते हैं। ग्रामीणों ने ब्लास्टिंग की क्षमता को कम करने की मांग को लेकर खदान के भीतर ब्लास्टिंग स्थल पर पहुंच गए था। ब्लास्टिंग कार्यों को रोक दिया था। कंपनी दिन भर ब्लास्टिंग नहीं कर सकी। दूसरे दिन भी ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर ब्लास्टिंग स्थल पर जमे हुए थे। ग्रामीणों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकालने के लिए गेवरा के उप महाप्रबंधक मनोज कुमार मौके पर पहुंचे। उनके साथ हरदीबाजार के तहसीलदार और हरदीबाजार के थानेदार भी मौजूद थे। डिप्टी जीएम ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर घर लौटने के लिए कहा, लेकिन ग्रामीणों ने उनकी बातों को मानने से इंकार कर दिया। अधिकारी लौट गए, इसके थोड़ी देर बाद तहसीलदार और हरदीबाजार के थाना प्रभारी दोबारा बातचीत के लिए पहुंचे। दोनों अधिकारियो ने कई घंटे तक ग्रामीणों का समझाया और कहा कि उनके ग्राम से लगी जमीन पर ब्लास्टिंग की क्षमता कम हो सके, इसके लिए प्रबंधन की ओर से बातचीत की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वे दीपका प्रबंधन के साथ एक बैठक आयोजित कराए जिसमें ग्राम अमगांव के ग्रामीणों की समस्या पर चर्चा की जाए। ग्रामीणों की मांग है कि उनके घर से 500 मीटर के दायरे में होने वाले ब्लास्टिंग को बंद किया जाए।

# नई शिक्षा नीति के तहत जीव विज्ञान व्याख्याताओं को दिया गया प्रशिक्षण

### ब्लेंडेड मोड में पहली बार दिया जा रहा है सेवा कालीन प्रशिक्षण

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद में प्राचार्य मीना पाणिग्रही, प्रशिक्षण प्रभारी अरुण प्रधान के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों के सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। जीव विज्ञान विषय के समन्वयक दुर्गा सिन्हा के निर्देशन में जिले के जीव विज्ञान व्याख्याताओं की चार दिन की ऑनलाइन ट्रेनिंग तथा तीन दिन का ऑफलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ऑफलाइन प्रशिक्षण 21 नवंबर से 23 नवंबर तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी विकासखंड के चयनित व्याख्याता सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर सुबोध कुमार तिवारी तथा विकास यादव ने प्रशिक्षण के विभिन्न मॉड्यूल के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को बताया। नई शिक्षा नीति 2020 छत्तीसगढ़ के स्कूलों में लागू किया गया है, जिसके संबंध में विस्तृत जानकारी डाइट में जीव विज्ञान की समन्वयक दुर्गा सिन्हा ने दिया। शिक्षा में सतत् विकास के लक्ष्य ,गुणवत्ता शिक्षा, शिक्षा में शिक्षको का विकास, एवं अन्य मॉड्यूल पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अवधि में अतिथि व्याख्यान के लिए माता करमा शासकीय महाविद्यालय की डॉ श्वेतलाना नागल ने फील्ड स्कोप के विषय में एक्टिविटी आधारित जानकारी दी। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस 30 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी व्याख्याताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# खरोरा मे नवनिर्मित मितानिन भवन का लोकार्पण

### महिलाओं के आत्मनिर्भरता से समाज मे समृद्धि आएगी

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** ग्राम पंचायत खरोरा में शनिवार को मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह द्वारा नवनिर्मित मितानिन भवन और रोजगार प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मितानिनों द्वारा विभिन्न तरह के खेल जैसे मटका फोड़, नुककड़ नाटक, प्रेरणादायक गीत और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह ने कहा की मितानिन भवन के निर्माण से यहां महिलाएं आपस में बैठकर अपने स्वास्थ्य से लेकर आर्थिक समृद्धि और अन्य भविष्य की योजनाओं पर कार्य कर सकते हैं। यहां भवन बनने से उन्हें इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आज महिला हर क्षेत्र में आगे है, यहां महासमुंद में महिलाएं प्रत्येक गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग ले रही हैं। महिला एक परिवार ही नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी की धुरी है। उनके पास धैर्य भी है और काबिलियत भी है आज वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर होना आवश्यक है ताकि वे अपने जरूरतो को भी पूरा कर सके, परिवार और समाज की मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्वावलंबी से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी। डॉ. लंगेह ने कहा कि महिला स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण है यदि महिला स्वस्थ है तो परिवार भी स्वस्थ रहेगी उन्होंने मितानिनों से कहा कि वह अपने काम बखूबी निभा रही है और भविष्य में भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरे मनोयोग से करते रहे। कार्यक्रम में सरपंच सुनीता चंद्राकर सहित मितानिन समन्वयक राजमणि पवार स्थानीय पंच, सहित सखी सेंटर के सदस्य और मितानिन मौजूद थे।

# आयुर्वेद पर भरोसे ने राहत दिलाई सायटिका पीडित को

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आयुर्वेद चिकित्सा की अद्भुत क्षमता एक बार फिर से लोगों के सामने आई है, जब एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने केवल डेढ़ महीने के आयुर्वेदिक उपचार से साइटिका के गंभीर दर्द से राहत पाई। यह वाकया कोरबा में स्थित निहारिका आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र में सामने आया। जहां बुजुर्ग डी आर अहिरवार ने आयुर्वेद चिकित्सक नागेंद्र नारायण शर्मा के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। डी आर अहिरवार, जो कि बालको में रिटायर्ड कर्मचारी हैं, उन्होंने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से साइटिका के दंश से परेशान थे। उन्होंने अनेक अस्पतालों और चिकित्सकों का सहारा लिया, लेकिन कोई भी उपचार उन्हें स्थायी राहत नहीं दे सका। उनकी स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि रोजमर्रा के कार्य करना भी बहुत कठिन हो गया। एक निराशा के बाद, उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा का रुख किया। निहारिका स्थित आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र में पहुंचकर उन्हें आयुर्वेदिक दवाओं के अलावा उचित आहार और जीवनशैली में बदलाव के लिए भी सलाह मिली। आयुर्वेद चिकित्सक नागेंद्र नारायण शर्मा ने उन्हें एक विशेष उपचार योजना दी, जिसमें जड़ी-बूटियों का उपयोग किया गया। डी आर अहिरवार ने नियमित रूप से दवाइयां लीं और चिकित्सा के साथ बताई गई जीवनशैली में बदलाव किए। उन्होंने कहा, मुझे पहले कभी नहीं लगा था कि मैं इस दर्द से छुटकारा पा सकूंगा। लेकिन आयुर्वेदिक दवाओं के सेवन के बाद, मैंने महसूस किया कि मेरा दर्द धीरे-धीरे कम हो रहा है। सिर्फ डेढ़ महीने के भीतर, उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ और अंततः वह पूरी तरह से स्वस्थ हो गए. अब वह अपनी सामान्य दिनचर्या को फिर से शुरू कर चुके हैं. स्वस्थ होने के बाद, डी आर अहिरवार ने आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा, मैंने कई जगहों पर इलाज कराया, लेकिन आयुर्वेद ने मुझे जो राहत दी उससे अब मै पूर्ण रूप से स्वस्थ हूँ। डॉ नागेंद्र और शर्मा ने बताया कि यह वाक्या आयुर्वेद चिकित्सा की प्रभाव शीलता को दर्शाती है और यह साबित करती है कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में भी गंभीर बीमारियों का इलाज संभव है। आयुर्वेद के प्रति लोगों का विश्वास तेजी से बढ़ रहा है, और इस तरह की सफलताएं इसे और भी मजबूती प्रदान करती हैं। लोगों को प्रारंभिक तौर पे आयुर्वेद चिकित्सा को अपनाना चाहिए।

# डोंगरी पड़निया और एनसीडीसी बनेंगे बोर्ड के नए परीक्षा केंद्र

### शिक्षा विभाग ने बोर्ड को भेजा प्रस्ताव, बोर्ड परीक्षा तैयारी शुरू

### 24,661 विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा तैयारी शुरू कर दी है। जिले में इस बार डोंगरी, पड़निया व एनसीडीसी तीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को नया परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल को शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्ताव भेजा गया है। शहरी उपनगरीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को जहां भारी वाहनों की समस्या से निजात मिलेगी वहीं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। जिले में तीन सौ से भी अधिक सरकारी के अलावा निजी हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों का संचालन हो रहा है। बीते शैक्षणिक सत्र में 95 स्कूलों परीक्षा केंद्र बनाया गया था। तीन नए केंद्रों की स्वीकृति मिलने संख्या 98 हो जाएगा। एनसीडीसी स्कूल के बच्चे पीडब्ल्यूडी रामपुर स्कूल जाते है। यहां दो अन्य स्कूलों के बच्चों को भी शामिल किया जाता है। जगह की कमी होने से बच्चों को बैठाने में समस्या होती है। इस वजह से एनसीडीसी प्रबंधन ने अपने स्कूल को परीक्षा केंद्र की मांग किया है। हायर सेकेंडरी स्कूल पड़निया के विद्यार्थी 10 किलोमीटर कुदुरमाल स्कूल में परीक्षा देने जाते। इसी तरह डोंगरी के बच्चों को छह किलोमीटर दूर हायर सेकेंडरी जवाली में परीक्षा देने जाना पड़ता है। इस मार्ग में कोयला खदान के भारी वाहनों के आवागमन के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इन तमाम कारणों से तीनों विद्यालयों को नया परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया। नए केंद्रों की गठन की मांग के साथ पढ़ाई में तेजी लाने की भी विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे और निर्धारित समय पर कक्षाओं में पढ़ाई शुरू हो इसके लिए शिक्षा विभाग ने विकासखंड स्तर पर पांच निरीक्षण टीम का गठन किया है। यह टीम स्कूल खुलने से पहले यह टीम रवाना होगी। समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा सत्र 2024-25 बोर्ड कक्षा की परीक्षा में 24,661 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें कक्षा दसवीं के 14,525 व बारहवीं 10,097 विद्यार्थी शामिल हैं। बीते बारहवीं में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या10,564 होगी वहीं दसवी में 14,269 विद्यार्थी बैठे थे। यानी इस वर्ष दसवी परीक्षा में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है वहीं बारहवीं कक्षा की परीक्षा होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में कमी आई है।

# फ्लोरा मैक्स कंपनी के मालिक समेत 7 लोगों पर ठगी का आरोप

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में महिलाओं से ठगी करने और फाइनेंस कंपनियों से लोन दिलाकर 100 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले फ्लोरा मैक्स-फ्लोरा व्होलसेल कंपनी के मालिक अखिलेश सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने नामजद अपराध दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी अखिलेश सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट से तीन दिन की रिमांड पर लिया है, जबकि बाकी छह आरोपी फरार हैं। सूत्रों के अनुसार फ्लोरा मैक्स के आरोपियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर ब्याज का लालच दिया और उन्हें विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से लोन दिलवाकर ठगी की। इस गिरोह में शहर के कुछ सभ्रांत परिवारों की महिलाएं भी शामिल थीं, जो ग्रामीण और मध्यमवर्गीय महिलाओं को चकाचैंध दिखाकर धोखाधड़ी करती थीं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफठगी और षड्यंत्र रचने के आरोप में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अफसरों की कार्यप्रणाली से हाईकोर्ट नाराज

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** सरफेसी एक्ट के तहत बंधक जमीन का कब्जा दिलाने में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने बिलासपुर कलेक्टर को नोटिस जारी कर आदेशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता एयू स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए बताया कि सरफेसी एक्ट के तहत बंधक संपत्ति का कब्जा 30 दिनों के भीतर दिलाने के लिए कलेक्टर ने 7 दिसंबर 2023 को तहसीलदार को निर्देश दिया था। तहसीलदार ने यह जिम्मेदारी अतिरिक्त तहसीलदार सिद्धि गवेल को सौंपी, लेकिन 11 महीने बीत जाने के बावजूद कब्जा दिलाने की कार्रवाई पूरी नहीं हो पाई। द्यह्यश ऋद्भुस्त्र - सुचारू में रूप से चल रहा धान खरीदी महाभियान याचिका में कहा गया कि अतिरिक्त तहसीलदार ने एयू स्माल फाइनेंस बैंक की जगह छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक बिलासपुर के नाम से बेदखली वारंट जारी कर दिया। इस त्रुटि के कारण कब्जा दिलाने की प्रक्रिया ठप हो गई। याचिकाकर्ता ने इसे अधिकारियों की लापरवाही और टालमटोल का उदाहरण बताया है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि मातहत अधिकारी अपने सीनियर अफसरों के आदेशों को नजरअंदाज कर रहे हैं। कोर्ट ने कलेक्टर को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि आदेशों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

### कुआभट्टा क्षेत्र में फैली गंदगी, लोग परेसान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिका निगम कोरबा के वार्ड संख्या 25 नेहरू नगर के अंतर्गत आने वाले कुआंभट्टा क्षेत्र में नियमित रूप से साफ सफाई नहीं हो रही है। ऐसे में कई क्षेत्रों में गंदगी का देर लग रहा है और लोग परेशान हो रहे हैं। इस आबादी वाले क्षेत्र का विस्तार होने के साथ यहां व्यवसाय गतिविधियां भी बड़े हैं ऐसे में हर रोज संबंधित क्षेत्र से अलग-अलग प्रकार का कचरा निकाल रहा है। नगर निगम ने लोगों की सुविधा के लिए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था दे रखी है। इसके पीछे मकसद दिया है कि किसी भी कीमत पर कचरा बाकी ना रहे और नियमित रूप से उसका उठाव हो सके। इन सब के बावजूद देखने को मिल रहा है कि कुआं भट्ट में प्रेस क्लब के सामने से होकर बालाजी मंदिर की तरफ जाने वाले मार्ग पर साफ सफाई को लेकर उदासीनता बरती जा रही है। कई जगह पर अरसे से साफ सफाई नहीं हो रही है। इसके कारण गंदगी का ढेर लगता जा रहा है। लोगों ने बताया कि सफाई कर्मियों और ठेकेदार का इस बारे में अपना अपना तर्क है।

### व्यापारी संघ की नयी टीम ने ली शपथ

**कोरबा(विश्व परिवार)।** व्यापारी संघ दर्री रोड कोरबा का शपथ ग्रहण समारोह लक्ष्मी नारायण मंदिर में गरिमामय एवं सादे समारोह में अत्यंत हर्षितपूर्वक उत्साहपूर्ण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान लक्ष्मी नारायण जी की पूजा अर्चना के साथ किया गया, तत्पश्चात व्यापारी संघ दर्री रोड के संरक्षक सदस्यों का स्वागत किया गया एवं व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों अध्यक्ष श्री गजानंद अग्रवाल (शिव शंकर ट्रेडर्स), सचिव श्री धीरज अग्रवाल (प्रीति एंपोरियम), कोषाध्यक्ष श्री गजानंद अग्रवाल (कमल प्लाई) को चुनाव अधिकारी श्री कैलाश मोदी जी के द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष गजानंद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भविष्य में आने वाली व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए वे और उनकी टीम सदैव उनके साथ है एवं दर्री रोड के व्यापारियों को निर्भीक होकर व्यापार करने का आग्रह किया। विगत समय से कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा दर्री रोड का माहौल खराब किया जा रहा है जिसके लिए प्रशासन से बात करके शक्त कार्यवाही करवाने की बात कही। इसके साथ उन्होंने व्यापारियों में एकता की बात पर बल दिया।

### संस्कार के बच्चों ने किया एडवेंचर कैंप

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश स्थित पांडुरना के पास एचिवर एडवेंचर कैंप में शामिल होकर साहस एवं लीडरशिप सीखा। संस्था के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि लगभग 150 बच्चों व शिक्षकों की टीम ने प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा के साथ तीन दिवसीय दौरा किया। यह कैंप आर्मी बेस्ड है, जहां पर साहस एवं रोमांच भरे कई इवेंट बच्चों ने बढ़-चढ़कर किए। साथ ही साथ कल्चरल कार्यक्रम एवं खेलकूद भी उसमें शामिल रहा। सभी बच्चों ने टीम बनाकर लीडरशिप सीखा एवं संकट के समय में कैसा व्यवहार रखना चाहिए, यह भी जाना। मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि ऐसा कैंप बच्चों के लिए लगातार आयोजित किया जाता रहेगा।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर मंगलवार 26 नवंबर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

## कंपनियों पर सख्त... कार्रवाई होनी चाहिए

देश के कानून का उल्लंघन करने वाली कंपनी को अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, ऐसे कदम उठाते समय जांच एजेंसियों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष रहें, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी। ई-कॉमर्स क्षेत्र की फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसी कंपनियों ने भारतीय कानून को तोड़ा हो, तो बेशक उन पर प्रावधान के अनुरूप सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ये दोनों अमेरिकी स्वामित्व वाली कंपनियां हैं (फ्लिपकार्ट में लगभग तीन चौथाई हिस्सा वॉलमार्ट का है)। भारत के ई-कॉमर्स बाजार का सबसे बड़ा हिस्सा उनके पास ही है। एक अनुमान के मुताबिक 70 बिलियन डॉलर के इस बाजार में फ्लिपकार्ट का हिस्सा 32 और अमेजन का 24 फीसदी है। खबर है कि प्रवर्तन निदेशालय ने इनके विक्रताओं पर छापा मारा। उसके बाद इन कंपनियों के अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी निवेश संबंधी कानून का उल्लंघन किया। इस कानून के तहत विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां विक्रेताओं के बीच भेदभाव नहीं कर सकतीं। साथ ही ये विक्रेताओं से सामान खरीद कर अपना भंडार नहीं बना सकतीं। अमेजन और फ्लिपकार्ट का कहना है कि उन्होंने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया। मगर ईडी का दावा है कि उसके पास इन कंपनियों के खिलाफ ठोस सबूत हैं। निर्विवाद है कि हर कंपनी- चाहे वो देशी हो या विदेशी- उसे सख्ती से देश के कानून का पालन करना चाहिए। कोई कंपनी ऐसा नहीं करती, तो उसे अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, जांच एजेंसियों को ऐसे कदम उठाते समय यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष हों, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी। इस संदर्भ में यह बात इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि गुजरे वर्षों में ऐसी धारणा (जो संभव है कि निराधार हो) बनी है कि भारत सरकार के कुछ पसंदीदा उद्योग घराने हैं और जब उनके हित किसी विदेशी (या देशी) कंपनी से टकराते हैं, तो जांच एजेंसियां अति सक्रिय हो जाती हैं। अतीत में वर्तमान सरकार से ही जुड़े रहे कुछ अर्थशास्त्रियों ने इस धारणा को भारत में विदेशी निवेश के रास्ते में मौजूदा रुकावटों में एक बताया है। यह समय अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए प्रतिकूल है।

# पूर्व विद्यार्थी स्कूल को देंगे खेल मैदान

भूपिंदर सिंह



सरकाघाट महाविद्यालय के खेल मैदान में मिट्टी के सैंकड़ों ट्रक डाल कर डंपिंग साईट बना दिया है। भवन निर्माण उन्नत प्रौद्योगिकी के कारण कहीं भी हो सकता है, तो मैदान के लिए समतल जगह क्यों बरबाद कर रहे हो केंद्रीय खेल मंत्रालय का भारतीय खेल प्राधिकरण अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के साथ मिलकर हर साल करोड़ों रुपए नए खेल मैदानों को बनाने व पुराने मैदानों के रखरखाव के लिए जारी करता है, मगर उसके लिए स्कूल या किसी समिति के नाम जमीन होना भी जरूरी है। पहाड़ में शिक्षा संस्थानों के पास जमीन की कमी आम देखी जा सकती है। मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल टिहरा के पूर्व विद्यार्थियों ने जमीन खरीद कर स्कूल को खेल मैदान बनाने का संकल्प लिया है। स्कूल के साथ लगती जमीन को खरीद कर उसमें मैदान बनाने की योजना की रूपरेखा तैयार हो रही है। छह दशक पहले भी हाई स्कूल बनाने के लिए स्थानीय जनता ने काफी आर्थिक सहयोग किया था। शिक्षा का अर्थ मानव के सर्वांगीण विकास से है, यानी मनुष्य शारीरिक व मानसिक रूप से इतना सशक्त होना चाहिए कि वह जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त कर खुशहाल व स्वस्थ जिंदगी जी सके। इसलिए विद्यार्थी जीवन में किताबी ज्ञान के साथ-साथ फिटनेस के स्तर में सुधार करना भी बेहद अनिवार्य है। किसी भी शिक्षा संस्थान का परिसर उसके खेल मैदानों से ही पहचाना जाता है कि वह किस स्तर का है। बिना खेल मैदानों के शिक्षा संस्थान की कल्पना भी बेमानी है। मंजिल चाहे खेलों की हो या फिटनेस की, इन सब के लिए खेल मैदानों का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में ही पूरे जीवन के लिए स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है, मगर हमारे विद्यालयों में खेल मैदानों के अभाव में विद्यार्थी की फिटनेस का कोई भी कार्यक्रम नहीं है। हिमाचल प्रदेश का अधिकांश भूभाग पहाड़ी होने के कारण मैदानों के लिए बहुत मुश्किल से लंबी-चौड़ी जगह मिल पाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के पास बहुत कम खेल मैदान हैं और जहां हैं भी, उन्हें कभी भवन तो कभी पार्किंग बना कर यूं ही बरबाद किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मैदानों में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन, तो कभी किसी और के लिए भवन बना कर खत्म कर दिया है। धर्मपुर उपमंडल की टिहरा उप तहसील के अंतर्गत क्षेत्र में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिहरा के खेल मैदान में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन भारी विरोध के बावजूद बना दिया गया। पूरा क्षेत्र अवाहदेवी से लेकर गद्दीधार तक रिज पर बसा है। चलने के लिए सडक़ है, वही खेल मैदान व पार्क का काम करती है। इस क्षेत्र में वालीबॉल व कबड्डी की प्ले फील्ड होना भी बड़ी बात है। यहां पर पहले ढगवाणी विद्यालय के मैदान में जल शक्ति विभाग ने पम्प हाऊस बना दिया और अब टिहरा विद्यालय के मैदान में विज्ञान प्रयोगशाला। दूसरी तरफइसी क्षेत्र के चोरथला, कांगो का गहरा व कमलाह स्कूल के मैदानों के लिए लाखों रुपए दिए हैं, मगर वहां भी सब आधा-अधूरा है। हिमाचल प्रदेश सरकार इस विषय पर ध्यान दे, ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ स्वास्थ्य भी मिल सके। एक समय था जब विद्यार्थी सवेरे-शाम अपने अभिभावकों के साथ कृषि कार्य में हाथ बंटाता था, फिर कई किलोमीटर पैदल चल कर विद्यालय पहुंचता था। उस समय किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी। मगर आज जब पढ़ाई के लिए घर का काम बंद, पैदल चलने का रिवाज ही नहीं है तथा खेल के नाम पर मोबाइल व कम्प्यूटर है तो फिर फिटनेस के लिए खेल मैदान तो अनिवार्य हो जाता है, नहीं तो फिर हमारी संतानें कहीं नशे के दलदल में फंस जाएंगी। उस उच्च शिक्षा का क्या अर्थ रह जाता है जिससे आप प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, अभियंता, चिकित्सक, प्रबंधक तो बन जाते हैं, मगर आप स्वस्थ रह कर साठ वर्षों तक देश व प्रदेश की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। अब तो लोग तीस-चालीस साल की उम्र में जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस सबके पीछे जिम्मेदार बिना फिटनेस कार्यक्रम की स्कूली शिक्षा है। फिटनेस के इस संवेदनशील विषय पर इस कॉलम के माध्यम से सरकार व अभिभावकों को बार-बार सचेत किया जाता रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में पढऩे के लिए कमरे तो हैं, मगर उनकी फिटनेस के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है। मैदान होंगे तो तभी फिटनेस पर कार्य होगा। हिमाचल प्रदेश का शिक्षा विभाग निजी शिक्षा संस्थान खोलने के लिए तो मैदान की अनिवार्य शर्त रखता है, मगर अपने सरकारी संस्थानों के मैदानों में भवन व पार्किंग बना कर अपने ही नियमों को ठेंगा दिखा रहा है। अभी भी समय है हिमाचल प्रदेश की जनता व सरकार दोनों को विद्यार्थी जीवन में फिटनेस कार्यक्रम के महत्व को समझना होगा, नहीं तो भविष्य में हमारी अगामी पीढिय़ां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेल जगत में बहुत कड़ी प्रतिस्पर्धा हो गई है। इसलिए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने पर भी पोडियम तक पहुंचना सबके बस की बात नहीं है। अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की पदक तालिका में स्थान बनाने के लिए जहां विद्यालय स्तर से ही अच्छे ज्ञानवान प्रशिक्षक चाहिएं, वहीं पर प्ले फील्ड भी बहुत जरूरी है। हिमाचल प्रदेश के खेल मैदानों व अन्य हाल ही के वर्षों में बनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड का रखरखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। इसलिए विद्यार्थी जीवन में किताबी ज्ञान के साथ-साथ फिटनेस के स्तर में सुधार करना भी बेहद अनिवार्य है। किसी भी शिक्षा संस्थान का परिसर उसके खेल मैदानों से ही पहचाना जाता है कि वह किस स्तर का है। बिना खेल मैदानों के शिक्षा संस्थान की कल्पना भी बेमानी है। मंजिल चाहे खेलों की हो या फिटनेस की, इन सब के लिए खेल मैदानों का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में ही पूरे जीवन के लिए स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है, मगर हमारे विद्यालयों में खेल मैदानों के अभाव में विद्यार्थी की फिटनेस का कोई भी कार्यक्रम नहीं है। हिमाचल प्रदेश का अधिकांश भूभाग पहाड़ी होने के कारण मैदानों के लिए बहुत मुश्किल से लंबी-चौड़ी जगह मिल पाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के पास बहुत कम खेल मैदान हैं और जहां हैं भी, उन्हें कभी भवन तो कभी पार्किंग बना कर यूं ही बरबाद किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मैदानों में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन, तो कभी किसी और के लिए भवन बना कर खत्म कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए, उंगलियों पर गिने जाने वाले कुछ मैदान चंबा, मंडी, अमतर, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहड़ू, सराहन, सोलन, चैल व नाहन में बनाए थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों व उत्सवों से बचे समय में होती रही हैं। सुजानपुर व जयसिंहपुर के बड़े मैदानों पर तो पहले ही बहुत अतिक्रमण हो चुका है। अब मंडी के पड्डल मैदान का भी हाल अच्छा नहीं है। सरकाघाट महाविद्यालय के खेल मैदान में मिट्टी के सैंकड़ों ट्रक डाल कर डंपिंग साईट बना दिया है। भवन निर्माण उन्नत प्रौद्योगिकी के कारण कहीं भी हो सकता है, तो फिर मैदान के लिए दुर्लभ समतल जगह को क्यों बरबाद कर रहे हो? हर शिक्षा संस्थान को अपना खेल मैदान चाहिए, जहां सब विद्यार्थियों की फिटनेस हो सके।

## आलेख

## देश के लिए चुनौती बने सड़क हादसे....

अमित बैजनाथ गर्ग

यूं तो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली सड़कें देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं, लेकिन आए दिन होने वाले सड़क हादसे कई सवालिया निशान भी खड़े कर रहे हैं। सड़क हादसे भारत जैसे विकासशील देश के लिए चुनौती बने हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले साल वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके अनुसार वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में प्रति वर्ष 1.35 मिलियन से अधिक मौतें होती हैं, और 50 मिलियन से अधिक लोगों को गंभीर शारीरिक चोटें आती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं के कारण भारत को होने वाले नुकसान को लेकर विश्व बैंक के आकलन के अनुसार, 18-45 आयु वर्ग के लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर सर्वाधिक 69 प्रतिशत है। इसके अलावा 54 प्रतिशत मौतें और गंभीर चोटें मुख्य रूप से संवेदनशील वगरे जैसे पैदल यात्री, साइकिल चालक और दोपहिया वाहन सवार आदि में देखी जाती हैं। भारत में 5-29 वर्ष आयु-वर्ग के बच्चों और युवा वयस्कों में सड़क दुर्घटना मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। विश्व सड़क सांख्यिकी के अनुसार, 2018 में सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों की संख्या में भारत दुनिया में पहले स्थान पर था। इसके बाद चीन और अमेरिका का नंबर आता है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, देश भर में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। कुल सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके बावजूद सड़क यातायात इंजीनियरिंग और नियोजन के दौरान इस विषय पर ध्यान नहीं दिया जाता। यातायात इंजीनियरिंग और नियोजन सड़कों को विस्तृत करने तक ही सीमित है, जिसके कारण कई बार सड़कों और राजमागरे पर ब्लैक स्पॉट बन जाते हैं। ब्लैक स्पॉट वे स्थान होते हैं, जहां सड़क दुर्घटना की आशंका सबसे अधिक रहती है। सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली 80 प्रतिशत मौतों के लिए वाहन चालक प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होते हैं। यह तथ्य देश में अच्छे ड्राइविंग स्कूलों की कमी की ओर भी इशारा करता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की %भारत में सड़क दुर्घटनाएं' शीषर्क वाली रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटना में लगभग 68 प्रतिशत मौतें ग्रामीण क्षेत्रों में हुई, जबकि कुल दुर्घटना मौतों में शहरी क्षेत्रों का योगदान 32 फीसद रहा। दुर्घटनाओं और मृत्यु दर, दोनों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। यूं तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए केंद्र सरकार अपने स्तर पर काफी प्रयास कर रही है, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में प्रभावी जन जागरु कता बढ़ाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मीडिया के सभी माध्यमों द्वारा विभिन्न प्रचार उपाय एवं जागरु कता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा मंत्रालय सड़क सुरक्षा समर्थन के संचालन के लिए विभिन्न एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भी योजना का संचालन कर रहा है। इंजीनियरिंग योजना स्तर पर सड़क सुरक्षा को सड़क डिजाइन का एक अभिन्न अंग बनाया गया है। सभी राजमार्ग परियोजनाओं का सभी चरणों में सड़क सुरक्षा ऑडिट अनिवार्यकिया गया है। इसके साथ ही मंत्रालय ने वाहन की अगली सीट पर ड्राइवर की बगल में बैठे यात्री के लिए एयरबैग के अनिवार्यप्रावधान को लागू किया है। इसके साथ ही कानूनों और प्रवर्तन में सुधार, ढांचागत परिवर्तनों के माध्यम से सड़कों को सुरक्षित बनाना और सभी वाहनों में जीवनरक्षक तकनीक उपलब्ध कराना जरूरी किया जाना चाहिए। असल में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन का प्रयास किया जाए। हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं इन्हीं कारणों से होती हैं। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक करना होगा।

# सहकारिता की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण

नितिन प्रधान

गरीब कल्याण और समाज के निचले तबके के लिए समृद्धि का रास्ता खोलने में सहकारिता की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण है। डेयरी, खाद और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में सहकारिता की सफलता के बाद अब बारी अन्य क्षेत्रों की है। सहकारिता के महत्त्व को समझते हुए सरकार ने इसके लिए अलग से मंत्रालय का गठन भी किया है। बीते तीन वर्ष में सहकारिता क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। संभवत- यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) को वैश्विक सहकारी सम्मेलन कराने के लिए इस वर्ष भारत आना पड़ा। सहकारिता के बढ़ते महत्त्व को संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी स्वीकारा है, और 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है। नई दिल्ली में 25 नवम्बर से होने वाला वैश्विक सहकारी सम्मेलन-2024 दुनिया भर के सहकारिता क्षेत्र में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। आईसीए की स्थापना (1895) के 130 वर्षो के इतिहास में पहली बार यह आयोजन भारत में होने जा रहा है। भारत आईसीए का संस्थापक सदस्य है। आईसीए सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष वैश्विक संस्था है, जिसकी संख्या दुनिया भर में 30 लाख से ज्यादा है। विश्व में 107 देशों के 310 से अधिक संगठन अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के सदस्य हैं। इस सम्मेलन की मेजबानी की बागडोर विश्व की अग्रणी सहकारी संस्था इफको समेत देश की 17 प्रमुख सहकारी संस्थाओं के हाथों में है। महत्त्वपूर्ण यह भी है कि यह सम्मेलन सहकार से समृद्धि के भारत के संकल्प को पूरी दुनिया में ले जाएगा। आईसीए ने भी इस सम्मेलन का थीम सहकारिताएं-सबकी समृद्धि का द्वार' तय किया है। इस सम्मेलन में भारतीय गांवों की थीम पर बने हाट' में भारतीय सहकारी उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। बहुत संभव है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन के दौरान 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाए जाने की औपचारिक घोषणा और इस विषय पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करें। मोदी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में पिछले तीन वर्ष में दर्जनों महत्त्वपूर्ण बदलाव कर इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। सहकारी आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए नये मंत्रालय का भी गठन किया गया। सहकारी क्षेत्र के संस्थानों के पुनर्गठन और निष्क्रिय हो चुकीं प्राथमिक सोसाइटियों को पुनर्जीवित किया गया है। मॉडल बायलॉज से प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटी (पैक्स) को ताकत दी गई और उनके कामकाज के दायरे को बढ़ाया गया। सहकारिता पर लागू टैक्स को तर्क संगत बनाया गया। दुनिया में लगभग 30 लाख सहकारी समितियां हैं, जिनमें से करीब 8 लाख सहकारी समितियां यानी एक चौथाई से अधिक समितियां भारत में हैं। संयुक्त राष्ट्र के लगभग सभी सदस्य देशों के एक अरब से अधिक लोग इन समितियों के सदस्य हैं, जिनमें से 29 करोड़ से ज्यादा सदस्य भारत के हैं। सहकारिता क्षेत्र ने दुनिया भर में 21 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है। सहकारी समितियों की संख्या और उनके विस्तार की संभावनाओं के मामले में भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है। भारतीय सहकारी प्रणाली में सबसे बड़ा परिवर्तन पैक्स के मॉडल बायलॉज का कार्यान्वयन है। सहकारिता क्षेत्र में तीन नई राष्ट्रीय बहुराज्यीय सहकारी समितियों- राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड (एनसीओएल), राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) के गठन ने भारत को वैश्विक सहकारिता आंदोलन में अग्रणी बना दिया है। इन पहल ने दूसरे देशों का ध्यान खींचा है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान जहां संयुक्त राष्ट्र के निर्धारित लक्ष्य को सहकारिता के माध्यम से पूरा करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी, वहीं सहकारिता के वैश्विक सम्मेलन में इन सभी लक्ष्यों पर व्यापक चर्चा भी कराई जाएगी। लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ ही वैश्विक चिंताओं को दूर करने को लेकर तैयार बिंदुओं पर भी गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने 17 सतत विकास लक्ष्य चिन्हित किए हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए सहकारी समितियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इनमें पारिस्थितिकी संतुलन, स्थिर आजीविका, गरीबी उन्मूलन, सामुदायिक विकास एवं सहयोग, मिट्टी की सेहत एवं जीवन, महिला सशक्तिकरण सहित प्राकृतिक संसाधनों पर सभी का समान अधिकार आदि विषयों को शामिल किया गया है। इस सम्मेलन में भारतीय गांवों की थीम पर बने हाट' में भारतीय सहकारी उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। बहुत संभव है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन के दौरान 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाए जाने की औपचारिक घोषणा और इस विषय पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करें। मोदी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में पिछले तीन वर्ष में दर्जनों महत्त्वपूर्ण बदलाव कर इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। सहकारी आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए नये मंत्रालय का भी गठन किया गया। सहकारी क्षेत्र के संस्थानों के पुनर्गठन और निष्क्रिय हो चुकीं प्राथमिक सोसाइटियों को पुनर्जीवित किया गया है। मॉडल बायलॉज से प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटी (पैक्स) को ताकत दी गई और उनके कामकाज के दायरे को बढ़ाया गया। सहकारिता पर लागू टैक्स को तर्क संगत बनाया गया।सहकारिता वर्ष मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य इन्हीं लक्ष्यों को पूरा करना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 2030 तक की समयावधि निर्धारित की गई है। इसमें सहकारी क्षेत्र की भूमिका पहले ही निर्धारित कर दी गई है, जिससे सम्मेलन का महत्त्व और भी बढ़ गया है।

# चाय का जायका और कांगड़ा टी....

अनुज आचार्य

भारत में चाय उद्योग से संबंधित समस्याओं से निपटने और चाय उद्योग में सुधार के लिए कुछ उपाय किए जाने की जरूरत है जिनमें अनुसंधान एवं विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए, जलवायु अनुकूल किस्मों को विकसित करना, पर्यावरण अनुकूल समाधान खोजना, सरकारी आर्थिक सहायता से चाय उद्योग को मजबूती प्रदान करना, चाय की गुणवत्ता में सुधार पर ज्यादा ध्यान देना और मजदूरों को बेहतर मजदूरी देना आदि शामिल है भारत में चाय उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान असम का है, उसके बाद पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं अन्य राज्यों का है। भारतीय टी बोर्ड के वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार चाय उत्पादन में असम की हिस्सेदारी 49.39 प्रतिशत है तो पश्चिम बंगाल की 31.10 फीसदी है, तो तमिलनाडु का हिस्सा 12.01 प्रतिशत है और केरल 4.57 प्रतिशत का योगदान करता है, जबकि अन्य राज्यों की हिस्सेदारी महज 2.91 फीसदी की है। भारत में चाय उत्पादन के लिए 6.19 लाख हेक्टेयर जमीन का इस्तेमाल होता है और वर्ष 2023-24 में भारत में चाय का उत्पादन 1382.03 मिलियन किलोग्राम था। वर्तमान समय में चीन, भारत, केन्या और श्रीलंका दुनिया के चार सबसे बड़े चाय उत्पादक देश हैं। ये चारों देश मिलकर दुनिया के कुल चाय उत्पादन का 81 फीसदी हिस्सा पैदा करते हैं। वैश्विक चाय उत्पादन सालाना 18 बिलियन डॉलर से अधिक है। वैश्विक चाय उत्पादन में लगभग 13 मिलियन लोग शामिल हैं। यह अनुमान है कि चार प्रमुख उत्पादक देशों (चीन, भारत, केन्या और श्रीलंका) में, लगभग 9 मिलियन चाय उत्पादक किसान छोटे किसान हैं। यदि वैश्विक चाय की खपत का आकलन करें तो दुनिया भर में सबसे ज्यादा चाय चीन और भारत के लोग ही पीते हैं। एफएओ और टीआईआई के अनुसार चीन में 46.0 फीसदी, भारत में 17.79 प्रतिशत, तुर्किये में 3.83 प्रतिशत, पाकिस्तान में 3.79 और रूस के 2.03 फीसदी लोग चाय पीते हैं। जहां तक कांगड़ा चाय के इतिहास का सवाल है, तो इसकी शुरुआत सन् 1849 से मानी जाती है जब बॉटनिकल टी गार्डन के तत्कालीन अधीक्षक डा. जेम्सन ने इस क्षेत्र को चाय की खेती के लिए उपयुक्त पाया। यहां की चाय को 'कांगड़ा टी' के नाम से जाना जाता है और इसे ज्यादातर ऑर्गेनिक तरीके से उगाया जाता है। भारत के सबसे छोटे चाय क्षेत्रों में से एक होने के कारण कांगड़ा की हरी, देसी, ग्रीन टी और काली



चाय की भारी मांग है। विदेशों और भारत से कांगड़ा घूमने आने वाले पर्यटकों द्वारा कांगड़ा चाय की विभिन्न किस्मों को पसंद किया और खरीदा जाता है। बीड़-बैजनाथ, भवारना, पालमपुर और नगरी क्षेत्रों के विशाल चाय बागान और चाय बनाने की फैक्टरियों में चाय निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से विस्तारपूर्वक देखा और समझा जा सकता है। कांगड़ा घाटी की जलवायु, जिसमें दिन के समय गर्मी और रात को ठंडक होती है, चाय के उत्पादन के लिए आदर्श मानी जाती है। इस क्षेत्र की चाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त है और इसे जीआई टैग भी हासिल है, जो इसकी विशिष्टता और गुणवत्ता की गारंटी देता है। भारत में चाय की दिवानगी किसी से छुपी हुई नहीं है और सर्दियों के मौसम में तो इसकी तलब कुछ ज्यादा ही रहती है। प्यार से लेकर इकरार तक में लोग सबसे पहले चाय की चुसकियां लेना पसंद करते हैं। चाय की दुकानों/ढाबों पर राजनीतिक मुद्दे सबसे अधिक सुलझाए जाते हैं, तो वहीं देश-दुनिया की सभी बातों पर चर्चा भी चाय की टपरी पर ही परवान चढ़ती है। प्रतिवर्ष 21 मई का दिन अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में मनाया जाता है। खाद्य और कृषि संगठन के महानिदेशक क्यू डोंग्यू का मानना है कि, 'चाय उद्योग आर्थिक विकास के लिए एक इंजन बन सकता है। यह गरीबी और भूख के खिलाफ हमारी लड़ाई में योगदान दे सकता है और विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों के लिए आय और रोजगार के एक प्रमुख स्रोत का प्रतिनिधित्व करता है।' दुनिया की सबसे महंगी चाय, दा-होंग पाओ चाय की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए प्रति किलोग्राम है। पांडा डंग टी, यह चीन से आती है और इसे पांडा के गोबर से खाद के रूप में उगाया जाता है। इसकी कीमत करीब 57 लाख रुपए प्रति किलोग्राम है। गोल्डन पर्ल और मनोहरी गोल्ड चाय असम में उगाई जाती है और इसकी कीमत 99999 रुपए प्रति किलोग्राम है। दुनिया के सबसे मशहूर चाय बेचने वालों में डॉली चायवाला जिनका असली नाम सुनील पाटिल है, इन दिनों खूब मशहूर हैं, वहीं प्रफुल्ल बिल्लोर को एमबीए चाय वाला के नाम से जाना जाता है तथा वे चाय बेचकर 24 साल की उम्र में ही करोड़पति बन चुके हैं। अमूलेक सिंह बिजराल ने साल 2010 में चाय प्वाइंट की शुरुआत की थी और यह भारत का पहला चाय स्टार्टअप है। नितिन सलूजा और राघव वर्मा ने साल 2012 में चायोस की शुरुआत की थी। अनुभव दुबे ने चाय सुट्टा बार की शुरुआत की थी। भारत में चाय उत्पादन में कई समस्याएं हैं जैसे बढ़ती उत्पादन लागत और चाय की स्थिर कीमतें, प्रतिकूल मौसम, वैश्विक चाय अधिशेष, कम श्रमिक उत्पादकता, जलवायु परिवर्तन, कीट रोग, मिलावट, गुणवत्ता में गिरावट और चाय बोर्ड से लंबित सब्सिडी।

## विश्व प्रसिद्ध तीर्थ श्रवणबेलगोला में परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश



**नांदणी (विश्व परिवार)।** जयदु जिणिंदो महावीरों। 24 नवम्बर 2024 को आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज और उनके 19 शिष्यों के सहित श्रवणबेलगोला की तरफ मंगल विहार में प. पू श्री भानुकीर्ति जी भट्टारक जी (कंबदहल्ली), प. पू श्री जिनसेन भट्टारक महास्वामी जी (नांदणी) और प. पू स्वस्तिश्री चारुकीर्ति भट्टारक जी (श्रवणबेलगोला) विहार करवाते हुए अद्भुत दृष्य देखने को मिला।

चर्या शिरोमणी, आध्यात्मयोगी आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के दर्शन करने हेतू 18 अकटूबर 2024 को नांदणी में श्रवणबेलगोला के स्वस्तिश्री चारुकीर्ती भट्टारक स्वामीजी पधारे थे। तब उन्होने चर्या शिरोमणी आध्यात्मयोगी आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज संसघ को श्रवणबेलगोला पधारणे हेतू स्वस्तिश्री चारुकीर्ती भट्टारक स्वामीजी, श्रवणबेलगोला ने निवेदन किया था।

श्रवणबेलगोला में विश्व प्रसिद्ध भगवान बाहुबली की विशाल एवं भव्य मूर्ति हैं। चर्या शिरोमणी आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज संसघ मंगल विहार नांदणी से गोम्मटेश बाहुबली श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) में 25/11/2024 की शाम को चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश दक्षिण भारत के सुप्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र गोम्मटेश बाहुबली श्रवणबेलगोला जी कर्नाटक में हुआ।

उत्तर भारत की उज्जयनी नगरी में जब बारह वर्षीय का अकाल पड़ा, उसी समय अंतिम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी ने अपने ज्ञान से जान लिया कि आने वाले समय में यहां पर अकाल पड़ने वाला है। तभी अंतिम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी जी चंद्रगुप्त सहित बारह हजार मुनियों के साथ दक्षिण भारत में चंद्रगिरि पर्वत पर आत्म साधना करने आए थे। उस समय दक्षिण भारत में जैन धर्म पहले से ही प्रचलित था। जिस प्रकार अंतिम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी उत्तर से दक्षिण आकर जैनधर्म का प्रचार किया था, उसी प्रकार पंचकल्याणक पूजा महोत्सव हेतू प. पू जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामीजी, नांदणी के नेतृत्व में वर्तमान के भद्रबाहू स्वामी जी को आचार्य विशुद्धसागर महाराज जी और उनके 25 शिष्यों के संघ को उत्तर से दक्षिण धर्म प्रभावना हेतू आये हैं।

परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज को कर्नाटक सरकार से कर्नाटक प्रवास तक राज्यकीय अतिथि घोषित किया गया। चन्द्रगिरि पर्वत पर भद्रबाहु गुफा में आज भी हमें भद्रबाहु स्वामी के चरणों की वन्दना करने का अवसर प्राप्त होता है। चंद्रगुप्त मुनि के नाम से ही पर्वत का नाम बाद में चन्द्रगिरि पर्वत हुआ और साथ में ही चंद्रगिरि पर्वत पर एक मन्दिर (बसदी) का नाम भी चंद्रगुप्त बसदी है। इन दोनों गुरु-शिष्य का वर्णन प्राचीन शास्त्र में विस्तार से दिया गया है और श्रवणबेलगोला के शिलालेखों में भी मिलता है।

आगामी भव्य पंचकल्याणक श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जैनरगुत्ती, हासन (कर्नाटक) 28 नबम्बर 2024 से 4 दिसम्बर 2024 तक हैं। नमोस्तु शासन जयवंत हो।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## जो धन भोगों में लगता है वह विनष्ट हो जाता है और जो धन परमार्थ में लगता है वह अमर हो जाता है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर (विश्व परिवार)।** जो धन भोगों में लगता है वह विनष्ट हो जाता है और जो धन परमार्थ में लगता है वह अमर हो जाता है, धर्म धर्मायतन, धर्मात्मा हमारी संस्कृति का मूल आधार है, आपके बनाये अपने घर भले ही विनष्ट हो गये हों लेकिन 200 वर्ष पुराने मंदिर आज भी अपनी पताका को फहरा रहे है। उपरोक्त उद्‌गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने नरसिंगपुरा दि.जैन लाल मंदिर के पास संतभवन की आधारशिला रखते हुये व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि तालाब में कमल जब तक अपनी नाल से जुड़ा रहता है तभी तक खिला रहता है जैसे ही नाल से निकला कि वह मुर्झा जाता है उसी प्रकार धर्म की नाल से जुड़ा रहने बाला ब्यक्ति हमेशा खिला खिला रहता है मुनि श्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में धर्म और धर्मायतनों को प्रमुखता दी है इसीलिये आप जंहा भी जाते हो घर बनाने से पहले मंदिर का निर्माण करते हो, यह परंपरा आज की नहीं है वल्कि जब से कर्म युग की शुरुआत हुई तभी से धर्म और धर्मायतनों तथा साधू वसतिका का निर्माण शुरु हो गया था उन्होंने चार प्रकार के दान की चर्चा करते हुये कहा कि आहार, औषधि तथा उपकरण यह तीन दान का पुण्य तो उनकी समय सीमा तक है लेकिन चौथा वसतिकाआवास दान का बहूत महत्व है, साधु वसतिका रहेगी तो साधू संतों का आवागमन रहेगा और उनका आशीर्वाद आपको तथा आपके परिवार को सैकड़ों वर्ष तक मिलता रहेगा।

उन्होंने नरसिंगपुरा जैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष जैन महामंत्रीअनिल जैन विशाखा, प्रदेश अध्यक्ष विदर्भ जैन सनत जैन, आशीष जैन एवं स्थानीय अध्यक्ष मुकेश जैन सहित वसतिका गृह निर्माण में योगदान दैने बाले सभी पुण्यार्जकों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया इस अबसर पर राजवाड़ा, कांचमंदिर लश्करी मंदिर तथा आसपास के जिनालयों से सम्वंधित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।प्रवचन उपरांत सिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं मुनि संघ इंदौर के विश्वप्रसिद्ध दिगम्बर जैन कांच मंदिर पहुंचे, आयोजकों ने मुनिसंघ का पादप्रछालन कर अभिभूत हुये।यंही से मुनिसंघ आहार चर्या को निकले आहार उपरांत सामायिक लश्करी दिगम्बर जैन मंदिर में संपन्न हुई। दोपहर में आसपास के जिनालयों की बंदना करते हुये मुनिसंघ नेमीनगर पहुंचें एवं सांयकालीन शंकासमाधान का कार्यक्रम एवं रात्री विश्राम होगा इस अवसर पर धर्मप्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक रानी डोसी, नवीन आनंद गोधा, दिलीप गोधा, मीडिया प्रभारी राहुल जैन सहित हजारों की संख्या में पुराने शहर के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे। **-अविनाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### आदिनाथ मन्दिर में बेदी प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ प्रभावना पूर्ण सम्पन्न



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नई बस्ती में आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज के प्रभावक शिष्य मुनि पुंगव सुधासागर जी के मंगल आशीष मार्गदर्शन और मुनि अविचल सागर जी महा मुनिराज के सान्निध्य में बड़े से श्री आदिनाथ भगवान के समवशरण को उनके नवीन अस्थाई जिनालय में विराजमान किया गया। इस अवसर पर मंगल घटयात्रा, बेदी शुद्धि महा आरती, यागमंडल महा मंडल विधान, महा आरती और विश्व शांति की कामना के साथ हवन के साथ समस्त जिनबिंबों को नवीन बेदिका पर विराजमान किया गया। मुनि श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन में भगवन के दर्शन करने की विधि और उससे होने वाले चमत्कारों के विषय में समाज को समझाया। इस अवसर पर प्रमुख पात्र सौधर्म इंद्र अरविंद जैन बंट वाले, महायज्ञ नायक दिगंबर जैन समाज के मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन, धन कुबेर कोमल चंद जैन रोंडा वाले, यज्ञ नायक आलोक जी रसिया, ईशान इंद्र शिखर चंद जी बंट वाले, सानत इंद्र जिनेंद्र जी डोंगरा वाले, संयोजक नीलेंद्र जी गदयाना, निर्माण समिति सदस्य नीलेश खिरिया, माहेन्द्र इंद्र संतोष जी करमई ने प्रमुख भूमिका निभाई। ध्वजारोहण अंतिम जी खिरिया द्वारा किया गया। महा मंडलेश्वर जिनेंद्र गदयाना वाले, राजेंद्र कैलवारा वाले, प्रदीप धोर्रा वाले, सत्येंद्र गदयाना वाले, तरस चंद जैन, जिनेंद्र रजवांस, राजेंद्र खिरिया, सुरेश सैदपुर, अनिल नमकीन वाले, लोकेश जरावली, तरस चंद्र जैन ने शांतिधारा की। जिन बिंबों को विराजमान करने का सौभाग्य सुभाष टीकमगढ़, आशीष जी खिरिया, रवींद्र सतरवांस, प्रदीप बम्होरी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंदिर प्रबंधक जितेंद्र जैन राजू एवं प्रबंधक शुभेंदु मोदी ने किया।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चल रही 14 स्पेशल ट्रेनों को पैसेंजर एवं मेमू (नियमित ट्रेन नंबर) बनाकर 1 जनवरी, से चलाई जा रही

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चल रही 14 स्पेशल ट्रेनों को दिनांक 01 जनवरी, 2025 से सभी (पैसेंजर एवं मेमू) गाड़ियो को नियमित ट्रेन नंबर के साथ चलाया जा रही है। जिसकी जानकारी इस प्रकार है-

| क्र. स | स्पेशल ट्रेनें | नियमित नंबर या मेमू एवं पैसेजर ट्रेनें |
|---|---|---|
| 01 | 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल ट्रेन | 61617 कटनी- चिरमिरी मेमू ट्रेन |
| 02 | 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल ट्रेन | 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू ट्रेन |
| 03 | 05703 जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51703 जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन |
| 04 | 05704 नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51704 नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर ट्रेन |
| 05 | 05705 जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51705 जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन |
| 06 | 05706 नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51706 नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर ट्रेन |
| 07 | 05709 नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51709 नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेंजर ट्रेन |
| 08 | 05710 मंडला फोर्ड-नैनपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51710 मंडला फोर्ड-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन |
| 09 | 05711 नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51711 नैनपुर-मंडला फोर्ड पैसेंजर ट्रेन |
| 10 | 05712 मंडला फोर्ड-नैनपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51712 मंडला फोर्ड-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन |
| 11 | 05713 जबलपुर-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51707 जबलपुर-गोंदिया पैसेंजर ट्रेन |
| 12 | 05714 गोंदिया-जबलपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51708 गोंदिया-जबलपुर पैसेंजर ट्रेन |
| 13 | 05755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर ट्रेन |
| 14 | 05756 अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन | 51756 अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर ट्रेन |

### सस्ते दर पर जैविक खाद उपलब्ध है निगम भिलाई में

**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 9 एस.एल.आर.एम. सेंटर संचालित हो रहे है। सभी एस.एल.आर.एम. सेंटर में कार्य करने वाले स्वच्छता दीदीयों द्वारा पारंपरिक विधि से जैविक खाद बनाया जा रहा है। जो बहुत ही उपयोगी एवं गुणकारी है, कोई भी व्यक्ति उसको अपने किचन गार्डन, गमलो, खेतो एवं फार्म हाउस में उपयोग के लिए खरीद सकते है। यह खाद सस्ते दर पर उपलब्ध है, इसी खाद को मार्केट में जब हम खरीदते है। 15 से 20 रूपये मिलता है, 1 किलो का पैकेट 10 रूपये पर उपलब्ध है। थोक में लेने पर 25 किलो की बोरी 5 रूपये पर उपलब्ध है और अधिक लेने पर आवश्यकतानुसार और सस्ता हो जाएगा। रसायनिक खाद मिटटी, फसल एवं स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। इस खाद से सब्जी, भाजी उगाने पर पुराने समय के जैसे गुणकारी सेहतमंद स्वाद मिलते है। कार्यालयीन अवधि में निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर काम करने वाली स्वच्छता दीदी मधु जोशी मोबाईल नम्बर 9589791766 एवं एम सिंह समूह 9522915105 से संपर्क कर सकते है।

## सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र, घ्यान रूपी तप से कर्मों को नष्ट कर सिद्ध अवस्था प्राप्त की जाती है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी



**पारसोला (विश्व परिवार)।** जैन धर्म प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ से लेकर अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी तक तीर्थंकरों द्वारा गणधर केवली के माध्यम से प्रतिपादित जिनवाणी जिनधर्म है। जैन धर्म में अनेक पर्व महोत्सव आते हैं जिसमें भक्त भक्ति पूर्वक अपनी मनोभाव उत्कृष्ट मनोभावना से प्रगट कर भक्ति करते हैं। चातुर्मास कलश का निस्थापन आज हुआ है सर्वतोभद्र विधान में शांति की मंगल भावना के साथ मंत्रोच्चार पूर्वक हवन कर विश्व में राजा, प्रजा सब खुश रहे व्याधि बीमारी नहीं हो इस प्रकार सुख-शांति की मंगल भावना की गई है। यह मंगल देशना आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने सर्वोतोभद्र महामंडल विधान के समापन अवसर पर उपस्थित धर्म सभा में प्रकट की। ब्रह्मचारी गज्जू भैया राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने प्रवचन में आगे बताया कि नगर के सभी जिनालयों के भगवान के आशीर्वाद तथा प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी से लेकर चतुर्थ पट्टाचार्य श्री अजीत सागर जी सहित पूर्वाचार्यों के आशीर्वाद से सर्वतोभद्र विधान में तीनों लोकों के 170 आठ करोड़ अकृत्रिम जिनालयों में 925 करोड़ से अधिक नव देवताओं, पंच परमेष्ठी तथा सिद्ध परमेष्ठी की आराधना आपने पूजन के माध्यम से की है। भव्य आत्मा सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र को घ्यान रूपी तप से सभी कर्मों को नष्ट कर सिद्ध अवस्था को प्राप्त करते हैं।इन विधान में सिद्ध प्रमेष्ठी की भी अपने पूजन की है। जयंतीलाल कोठारी अध्यक्ष दशा हूंमड समाज एवं ऋषभ पचौरी अध्यक्ष वर्षायोग समिति अनुसार धर्म देशना के पूर्व जुलूस के माध्यम से आचार्य श्री के 56 वे चातुर्मास कलश स्थापना के मंगल कलश धर्म सभा में ले गए जहां विधिपूर्वक उनका निस्थापन कर हवन और धर्म सभा के पश्चात जुलूस के माध्यम से सौभाग्यशाली परिवारों के निवास पर मंगल कलश ले गये इसके पश्चात आचार्य संघ की आहार चर्या हुई। अहमदाबाद के राजेश बी शाह एवं सुनील मेहता ने उपस्थित होकर 52 जिनालयों के नव निर्माण हेतु 15 दिसंबर 2024 को शिलान्यास कार्यक्रम हेतु आचार्य श्री वर्धमान सागर जी को संघ सहित आमंत्रित किया। घरियाबाद श्री समाज के द्वारा उपस्थित होकर अनंत व्रत उद्यापन कार्यक्रम हेतु आचार्य श्री संघ को आमंत्रण दिया गया। आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन ऋषभ पचोरी पारसोला द्वारा किए गए तथा जिनवाणी राजेश बी शाह, सुनील कासलीवाल अहमदाबाद द्वारा दी गई।

**-राजेश पंचोलिया**

## भींडर के आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन को मिला चित्तौड़गढ़ में आदिसागर अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड

### अनिल स्वर्णकार को समाजसेवा शिरोमणि उपाधि मिली




**चितौड़गढ़ (विश्व परिवार)।** राणा प्रताप मीरा और पन्नाधाय के तप त्याग और साधना की पावन वसुंधरा राजस्थान प्रांत के चितौड़गढ़ में चतुर्थ पट्टाधीश आचार्य सुनील सागरजी गुरुदेव ससंघ के सानिध्य मे चित्तौड़गढ़ में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान रविवार को आचार्य आदिसागर अंकलीकर अंतरराष्ट्रीय जागृति मंच, मुंबई द्वारा बच्चों की शिक्षा, चरित्र निर्माण, मानव कल्याण, जीव दया और जरूरतमंद लोगों की सेवा मदद के उत्कृष्ट सेवा कार्य करने पर आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर को आदिसागर अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड के अंतर्गत आचार्य महावीरकीर्ति समाजसेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुरूस्कार स्वरूप फाउंडेशन को 51000 रुपए, निदेशक अनिल स्वर्णकार को शॉल, उपरना और प्रशस्ति पत्र देकर समाज शिरोमणि उपाधि से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि पत्रकार कोटा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समाज सेवा शिरोमणि की उपाधि अनिल जी स्वर्णकार को पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव के अंतर्गत से सैकड़ों श्रद्धालुओं की मंगल में उपस्थिति में प्रदान की गई। विदित हो कि अनिल जी जाति से स्वर्णकार अर्थात सोनी होते हुए भी जैन धर्म दर्शन में आस्था रखते हैं। रात्रि भोजन नहीं करते प्रतिदिन देव दर्शन करते है। जैन तीर्थों की भाव पूर्ण वंदना भी कर चुके है। यह जानकारी आपने एक स्नेह भेट में पारस जैन पार्श्वमणि को प्रदान की।जैन धर्म के सद संस्कार बच्चों में प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर अजीत कासलीवाल, जितेंद्र शाह, महेंद्र कुमार जैन, प्रेरणा शाह, सुरेन्द्र तलाटी, अमृता दीदी सहित हजारों श्रावकगण मौजूद थे। अंतराष्ट्रीय अवॉर्ड प्राप्त कर भींडर आगमन पर अनिल स्वर्णकार का हुआ भव्य स्वागत विधायक उदयलाल डांगी, मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, स्कूल शिक्षा परिवार, निजी स्कूल संचालको, परिवारजनों ओर मित्रगणों द्वारा आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन के निदेशक अनिल स्वर्णकार का सुरजपोल चौराहे भींडर पर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस सूरजपोल से स्वागत पश्चात स्वर्णकार का बैंड बाजे के साथ नगर में सदर बाजार रावलीपोल होकर घर पहुंचने पर नगर में जगह जगह नगर वासियों ने फूल माला उपरना श्री फल से स्वागत सम्मान किया। **-पारस जैन पार्श्वमणि**

## जीवन में श्रेष्ठ गुणवत्ता प्राप्त करने वाले महावीर जैसे पूजनीय व वंदनीय हो जाते है : मुनिश्री समत्व सागर जी महाराज

### कल्पद्रुम महामण्डल विधान में श्रद्धालुओं ने अर्पित किए 4 लाख अर्घ्य

### मुनिश्री समत्व सागर जी महाराज ने कहा- जीवन में वाणी व भोजन ही नहीं आचरण भी श्रेष्ठ होना चाहिए



**जयपुर (विश्व परिवार)।** थाना सर्किल सांगानेर पर स्थित चित्रकूट कालोनी में कवर का बाग स्थित राजगृही नगरी में मुनि समत्व सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 18 नवम्बर से चल रहे कल्पद्रुम महामंडल विधान में आठ दिनों में श्रद्धालुओं ने समोवशरण में विराजित जिनेंद्र प्रभु के समक्ष चार लाख अर्घ्य अर्पित कर आत्म कल्याण की कामना की।

महामण्ड़ल विधान का बुधवार को विश्व शांति महायज्ञ के बाद विशाल शोभायात्रा के साथ समापन होगा।

मंदिर समिति अध्यक्ष केवल चंद गंगवाल ने बताया कि विधानाचार्य विकर्ष शास्त्री के सानिध्य में सोमवार को प्रातः विशेष पूजा अर्चना के साथ ऋद्धि मंत्रों के साथ श्री जी की शांतिधारा की गई। शांतिधारा का सौभाग्य बालमुकुन्द सुभाष सौगानी बाँली, ताराचंद नीतेश दौसा, सत्यनारायण मित्तल परिवार ने प्राप्त किया।विधान में चौसठ ऋद्धि पूजा में केवली भगवान को अर्घ्य अर्पित किए गये। धर्म सभा में मुनि समत्व सागर महाराज व शील सागर महाराज के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य अनिल जैन संभव पाटनी प्रहलाद कॉलोनी परिवार को तथा शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य अरुण निशा शाह रॉयल एवेन्यू, राजलता ठोलिया व मंजुला प्रतीक् गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ।

मंत्री अनिल जैन काशीपुरा ने बताया कि मुनि श्री के सानिध्य में भक्तों का सैलाब उमड़ता ही जा रहा है।सोमवार को कीर्ति नगर जैन मंदिर, मांग्यावास जैन मंदिर, प्रताप नगर सेक्टर तीन, जैन समाज फुलेरा सहित अन्य स्थानों से आये श्रद्धालुओं ने संगीत नृत्य के साथ मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर आमंत्रण दिया। इसके बाद अभिषेक गंगवाल परिवार के यहाँ मुनि शील सागर महाराज की आहारचर्या हुई। मुनि श्री ने प्रातः अंबिका कॉलोनी जैन मंदिर के दर्शन भी किए।

मुनि श्री समत्व सागर जी महाराज ने समोवशरण में विराजित होकर भूमि प्रदाता दीपक बोहरा परिवार के प्रश्न का समाधान करते हुए कहा कि पूजा करना ही धर्म नहीं है, धर्म क्षण दो क्षण का नहीं है, धर्म तो त्रेकालिक होता होता है जो सबके अंतरंग में होता है तथा पूजा विधान हमारे अंतरंग में स्थापित धर्म को पहचानने का माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि आप तात्कालिक धार्मिक नहीं त्रेकालिक धार्मिक बनने का प्रयास करे। मुनि श्री ने कहा कि व्यक्ति की नहीं गुणों की पूजा होती है इसीलिए हमेशा जीवन में गुणवत्ता पैदा करने के प्रयास करे। जिन जिन ने अपने जीवन में गुणवत्ता प्राप्त कर ली है वह हमेशा महावीर पारसनाथ के जैसे पूजनीय और वंदनीय हो जाते हैं। महाराज ने कहा कि हम जिन शासन में जी रहे है इसीलिए हमारी वाणी और भोजन ही नहीं बल्कि आचरण भी श्रेष्ठ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य शाश्वत होता है जो ना उत्पन्न होता है और ना ही समाप्त होता है। सत्य कभी बदल नहीं सकता और जो बदल जाये वो सत्य नहीं हो सकता है।

**पूजाओ का समुच्चय है कल्पद्रुम विधान-** मीडिया समन्वयक महावीर सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने बताया कि कल्पद्रुम मण्डल विधान एक पूजा न होकर पूजाओ का समुच्चय होकर सबसे बड़ा विधान है। जिसने नवदेवता पूजा, अहर्चक्र समुच्चय पूजा सोलह कारण पूजा अहर्त गुण पूजा माननस्तंभ मंडितअहर्त पूजा सप्तभूमि मंडित अहर्त् पूजा श्रीमंडप भूमि मंडित अहर्त पूजा त्रय पीठिका मंडित अहर्त पूजा दिव्य ध्वनि पूजा गणाधर मुनिवर पूजा चौसठ ऋद्धि पूजा चौबीस तीर्थंकर पूजा सहरस्त्रनाम पूजा आदि होती है जिनमे समोवशरण की कल्पना की जाकर चक्रवर्ती, सौधर्म इंद्र, यज्ञनायक व अन्य इंद्र व इंद्राणी बनकर पूजा में अर्घ्य अर्पित किये जाते है। समोवशरण में गणधर परमेष्टि के रूप में मुनि महाराज विराजित होते है तथा कल्पवृक्ष के नीचे चारो दिशाओं की और भगवान की प्रतिमाएँ विराजित होती है।

**-विनोद जैन कोटखावदा**

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर और राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, रायपुर के बीच एमओयू



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भूजल के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर और RGNGWTRI ने 25 नवंबर, 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. (डॉ) एन.वी. रमना राव, RGNGWTRI के क्षेत्रीय निदेशक और एचओओ श्री निधिश वर्मा ने दोनों संस्थानों के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए ।

इस समझौते में कई प्रमुख सहयोग क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जैसे ऋळ्हत्ङ्खज्ञ्ऋ्ठ और एनआईटी रायपुर के बीच बातचीत के लिए एक सामान्य मंच का निर्माण, ऋळ्हत्ङ्खज्ञ्ऋ्ठ में सहयोगात्मक शोध प्रबंधों और इंटर्नशिप के माध्यम से ज्ञान साझा करने की क्षमता को मजबूत करना, युवा पीढ़ी को शामिल करते हुए नवाचारपूर्ण विचारों के माध्यम से अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना, और विभिन्न पत्रिकाओं, विशेष रूप से भूजल न्यूज़ में शोध परिणामों को व्यापक रूप से प्रकाशित करना।

यह साझेदारी अन्य परस्पर लाभकारी क्षेत्रों में सहयोग की भी अनुमति देती है। यह सहयोग नवाचार को बढ़ावा देने, शैक्षणिक आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने और संयुक्त अनुसंधान एवं प्रयासों के माध्यम से भूभौतिकी और भूविज्ञान के महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किया जाएगा। एनआईटी रायपुर और ऋळ्हत्ङ्खज्ञ्ऋ्ठ दोनों इस साझेदारी के संभावित परिणामों को लेकर आशावादी हैं, जो समझौते पर हस्ताक्षर के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी।

इस दौरान सभी सहयोगात्मक गतिविधियों का समन्वय अप्लाइड जियोलॉजी विभाग के डॉ. डी.सी. झरिया और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. चंदन कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर मंगलवार 26 नवंबर 2024



## संक्षिप्त समाचार

### सिपाही से मारपीट कर लूटपाट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** आरक्षक के साथ मारपीट और लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए। गैदराम मरकाम एसडीओपी ऑफिस में डीएसएफ आरक्षक के पद पर कार्यरत है जो अपना डयूटी कर शाम करीबन 17:30 बजे अपने गांव दाबगांव जा रहा था की ग्राम कर्राघाटी चमेदा तिराहा के पास तीन अज्ञात आरोपियों के द्वारा प्रार्थी गैदराम मरकाम का पीछा कर मोटर सायकल रोककर के चाबी निकालकर एक आरोपी द्वारा प्रार्थी के गर्दन के पास चाकू टिकाकर 200/- रूपए को लूट लिया एवं एक आरोपी द्वारा सूचक के कूल्हे पर चाकू से वार कर चोट पहुंचाया तथा एक आरोपी द्वारा हाथ थप्पड से मारपीट किया है जिसकी रिपोर्ट के आधार पर तत्काल नगरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पता साजी हेतु टीम रवाना किया गया। घटना स्थल के आस पास के लोगों से पूछताछ एवं मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपियों की पतासाजी कर धीरज बिसेन,हितेश्वर मरकाम, ज्ञानेंद्र नेताम तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर मेमोरेण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त काला रंग के एक स्कूटी,लूट किये 200/- रूपए घटना में प्रयुक्त 02 नग चाकू को जप्त कर प्रार्थी से आरोपियों का कार्यपालिका दण्डाधिकारी के समक्ष पहचान कार्यवाही कराया गया। तीनों आरोपियों के विरूद्ध थाना नगरी के अपराध कमांक 93/24 धारा 118(1),309 (6) बीएनएस व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड हेतु भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नगरी निरीक्षक शरद ताम्रकार, सहायक उप निरीक्षक श्रीराम पटेल, तानसिंह साहू प्रधान आरक्षक ईशुकुमार साहू जीवन ध्रुव संपत संभाकर आरक्षक योगेश कुमार साहू धर्मेन्द्र बघेल योगेन्द्र साहू, झमेल राजपूत मेघराज साहू कल्याण नेताम महाबली सलाम केशव पटेल दुर्गेश ध्रुव का विशेष योगदान रहा । आरोपियों का नाम (01) धीरज बिसेन पिता स्व. नंदकुमार बिसेन उम्र 22 वर्ष साकीन नगरी (02) हितेश्वर मरकाम उर्फ प्रधान पिता अंजोर सिह उम्र 21 वर्ष,साकीन नगरी (03) ज्ञानेन्द्र नेताम पिता कचरू राम उम्र 22 वर्ष साकिन नगरी,जिला - धमतरी।

### दल द्वारा किया गया अवैध धान जब्त

**धमतरी(विश्व परिवार)।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों/बिचौलियों के द्वारा धान के अवैध भण्डारण/परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है। इसके मद्देनजर कलेक्टर सु नम्रता गांधी ने जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों का ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया है। कलेक्टर सु गांधी के निर्देशानुसार आज ब्लाक स्तरीय उडनदस्ता दल धमतरी द्वारा जीवराखन पटेल ग्राम देमार के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। जांच में 16 कट्टा (18.40 क्विंटल) अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर 16 कट्टा (18.40 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया गया है। जिले के उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही धान का सुरक्षित भण्डारण करने हेतु सभी संग्रहण केन्द्रों में आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आगामी दिवसों में भी गठित ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध धान के भण्डारण/परिवहन के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जायेगी।

### नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी, तीन गिरफ्तार

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 23.11.2024 को प्रार्थी ने थाना सिटी कोतवाली कोण्डागांव में लिखित आवेदन पेश कर रिपार्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14.11.2024 दिन गुरूवार को जीवनलाल सोम निवासी हल्दीभाटा जिला धमतरी द्वारा पुलिस विभाग मे भर्ती लगा दुंगा कहकर झांसा देकर मेरे साथ एंव मेरे अन्य साथी के साथ कुल 45,000 रूपये लेकर नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखधड़ी कर ठगी किया है। कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली कोण्डागांव से जीरो की डायरी नम्बरी हेतु थाना विश्रामपुरी को प्राप्त होने पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) कोण्डागावं के दिशानिर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपतसिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पता तलाश शुरू की गई। इस दौरान जीवनलाल सोम अपने घर पर मिला जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने पास रखे प्रवेश पत्र की छायाप्रति 09 नग एवं 30000 रूपये बरामद किया गया। एवं आरोपी उदय शोरी के कब्जे से 7000 हजार रूपये एवं हेमलाल मरकाम के कब्जे से 5000 रूपये को बरामद किया गया है।

# पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जीवन के लिए महत्वपूर्ण है : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

### बस्तर ओलंपिक समापन समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री




**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है। नारायणपुर जिले में जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 नवंबर तक किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन नारायणपुर के परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्तरीय ओलंपिक में जीतने वाले खिलाड़ियों को 5 से 10 दिसंबर तक जगदलपुर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में जीतने के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के खिलाड़ियों में एक अद्भुत प्रतिभाएं हैं, जिसको निखारने के लिए यह बस्तर ओलंपिक के माध्यम से अच्छा अवसर मिला है, जिसे आप लोग अच्छे से प्रदर्शन कर खेल को आगे बढ़ाएं। बस्तर में प्रचुर मात्रा में जल जंगल जमीन है उसको संरक्षित कर अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए योगदान दें। अबूझमाड़ के पहुंचविहीन क्षेत्र में सड़क, पुल पुलिया, पेयजल, स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जा रहा हैं, शीघ्र ही अबुझमाड़ मुख्य धारा से जुड़ने लगेगा। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ओरछा और नारायणपुर में 50-50 लाख रूपये से निर्मित खेल मैदान बनाने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक 2024 के जिला स्तरीय के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेल भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए खेल में लक्ष्य निर्धारित कर अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए परिश्रम करना आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री साय की मंशानुरूप गांव के प्रतिभाओं को निखारने का अच्छा समय मिला है इस अवसर का फायदा उठाते हुए राज्य स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित कर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलकर अपने अनुशासन का परिचय देना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अबूझमाड़ क्षेत्र के बच्चों ने मलखम्भ खेलों का हुंनरबाज बनकर देश के कई शहरों में प्रदर्शन कर अपने अबूझमाड़ का नाम रोशन किया है। आयोजन में सहभागिता प्रदान करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता खिलाड़ी को पुरस्कार स्वरूप मोमेंटों, ट्राफी, प्रमाण पत्र और गणवेश भी प्रदाय किया गया। आयोजन में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को समहभागित प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिला मंच खिलाड़ियों को दी गई शुभकामनाएं

### मिनी स्टेडियम सुकमा में जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का समापन

**सुकमा(विश्व परिवार)।** बस्तर ओलंपिक 2024 का जिला स्तरीय समापन समारोह मिनी स्टेडियम सुकमा में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में युवा वर्ग, ग्रामीणों और महिलाओं ने अपनी उत्कृष्ट भागीदारी से खेल प्रेमियों का दिल जीता। विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रेरित किया। ग्रामीण महिलाओं ने उत्साह के साथ पारंपरिक खेल विधाओं में हिस्सा लिया। उनके प्रदर्शन ने न केवल खेल में विविधता दिखाई, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया। समापन समारोह में विजेता टीमों और व्यक्तिगत प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। बस्तर ओलंपिक 2024 ने क्षेत्रीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और परंपरागत खेलों को प्रोत्साहन देने की एक नई मिसाल कायम की। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक एवं पार्टी पदाधिकारी श्री धनीराम बारसे ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। श्री बारसे ने तीनों विकासखंडों के खिलाड़ियों को उनके उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में, बस्तर संभाग में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। माओवाद प्रभावित क्षेत्र को विकास की नई दिशा में आगे लाने के लिए खेलों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल अनुशासन सिखाता है, बल्कि युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और अपने सपनों को साकार करने का भी अवसर देता है। ग्रामीण युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। श्री बारसे ने खिलाड़ियों से कहा कि वे संभाग स्तरीय ओलम्पिक में बेहतर प्रदर्शन करें और अपनी जीत के साथ जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाए और इस दिशा में सुकमा जिले को भी आगे बढ़ाने के प्रयास जारी है।

## पोस्टमास्टर से मांगी रिश्वत, सीबीआई ने डाक विभाग के दो अधिकारी को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** सीबीआई ने डाक विभाग के दो अफसरों को रिश्वत लेते पकड़ा है। दोनों अपने ही विभाग के एक कर्मचारी से मामला रफा-दफा करने के नाम पर पैसों की डिमांड की थी। सीबीआई ने 37 हजार की रिश्वत लेते डाक विभाग के ओवरसियर राजेश पटेल और सब डिवीजनल इंस्पेक्टर विनीता मानिकपुरी को पकड़ा। सीबीआई ने ये कार्रवाई बलौदाबाजार सब डिवीजन कार्यालय में की है। दरअसल, बलौदाबाजार सब डिवीजन कार्यालय डाक विभाग के ओवरसियर (एमओ) और एसडीआईपी द्वारा 22 अक्टूबर को देवसुंदरा डाकघर का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान शाखा पोस्ट मास्टर की ओर से आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन से संबंधित कुछ गलती पाई गई थी। जिसके बाद दोनों अधिकारियों ने क़ानूनी कार्रवाई का डर बताकर पोस्टमास्टर निर्जला मनहर से 60 हजार की रिश्वत मांगी। तीनों के बीच में रिश्वत की की पहली किस्त में 40,000 रुपये और बाद में 20,000 रुपये देने की सहमति बनी। चुकीं पोस्टमास्टर निर्जला मनहर रिश्वत देना नहीं चाहता था और इसकी शिकायत उसने सीबीआई से की। पोस्टमास्टर निर्जला ने 19 नवंबर को रिश्वत मांगने की शिकायत ष्टक्च्छ से कर दी। ष्टक्च्छ को रिश्वत की शिकायत मिलते ही टीम एक्टिव हो गई। आरोपियों को रंगेहाथों पकड़ने के लिए ष्टक्च्छ ने 23 नवंबर को निर्जला मनहर को 37 हजार रुपए कैश के साथ रिश्वत देने के लिए ऑफिस भेजा। इस दौरान आरोपियों को रिश्वत देते ही ष्टक्च्छ ने पकड़ लिया। शिकायतकर्ता से 37,000 रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया तथा रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आज न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## जनपद पंचायत छुरिया के ग्रामों में आवास सभा एवं आवास संगोष्ठी संपन्न

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवास के हितग्राहियों के लिए जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम साल्हे, चिखलाकसा, सीताकसा उ,तुर्रेगढ़, आयाबंधा, बननवागांव, साल्हे, पांगरीखुर्द में आवास सभा एवं आवास संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हितग्रहियों को आवास निर्माण के संबंध में तकनीकी, किस्त प्राप्ति सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही हितग्राहियों को नवीन स्वीकृत आदेश वितरण किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र एवं चाबी वितरण किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात हितग्राहियों को गृह-प्रवेश कराया गया तथा निर्माणधीन एवं अप्रारंभ आवासों का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी एवं जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया, एसीईओ जनपद पंचायत छुरिया, जनपद पंचायत छुरिया की आवास टीम एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

# भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से स्वास्थ्य सुविधाओं का हुआ विस्तार




**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु लगातार प्रयासरत है। इस कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा कलेक्टर दीपक सोनी की पहल से जिले के सिविल अस्पताल भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ऋतु बघमार की नवीन पदस्थापना की गई है जिससे क्षेत्र की जनता को सुविधा का लाभ मिलने लगा है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की सिविल अस्पताल भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से महिलाओं की रूटीन ओपीडी जाँच के साथ-साथ सामान्य और सिजेरियन प्रसव होने लगा है इसके अलावा महिला नसबंदी और गर्भपात की भी सुविधा उपलब्ध हुई है। भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी के अनुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से अब तक 3 सिजेरियन प्रसव हो चुके है 30 महिला नसबंदी तथा दो गर्भपात की सुविधा मरीजों को प्रदान की गई है। अस्पताल में सोनोग्राफी की भी सुविधा उपलब्ध है। भाटापारा के सिविल हॉस्पिटल में रायपुर मेडिकल कॉलेज से शिक्षित गोल्ड मेडलिस्ट स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ डॉ. ऋतु शिल्प वर्मा ने अपना कार्यभार ग्रहण किया है ।डॉ. रितु शिल्प वर्मा ने दूरबीन पद्धति से गर्भाशय के इलाज करने में फैलोशिप किया है।

# हरे, लाल एवं पीले रंग के शिमला मिर्च की खेती से संवर रही किसानों की जिंदगी



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** अभी तक आपने हरे रंग की शिमला मिर्च का जायका लिया है और जिक्र सुना है, लेकिन अब आप लाल एवं पीले रंग के शिमला मिर्च का भी स्वाद ले सकेंगे। डोंगरगढ़ के ग्राम पेंड्री के प्रगतिशील किसान मोरध्वज सिन्हा एवं राजनांदगांव जिले के ग्राम रेंगाकठेरा के किसान देवेन्द्र कुमार सिन्हा के पॉली हाऊस में लगे दुर्लभ किस्म के लाल, पीले और हरे रंग के शिमला मिर्च की खेती जिले में अपनी तरह का पहला नवाचार है। उद्यानिकी विभाग की ओर से राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत किसान मोरध्वज को पॉली हाऊस की संरचना के लिए 16 लाख 88 हजार रूपए की राशि मिल है तथा संरक्षित खेती के लिए 2 लाख रूपए की राशि मिलेगी। इसी तरह देवेन्द्र कुमार को पाली हाऊस के लिए कुल 16 लाख 88 हजार रूपए की राशि मिली है तथा संरक्षित खेती के लिए 2 लाख रूपए की राशि मिलेगी। मल्चिंग एवं ड्रिप सिंचाई पद्धति से इसकी खेती की जा रही है तथा पौधों को सहारा देने के लिए धागे लगाए गए हैं। पोषक तत्वों से भरपूर शिमला मिर्च की मार्केट में बहुत डिमांड है। किसान मोरध्वज सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में रंगीन शिमला मिर्च की खेती नहीं होती। पहले बंगलौर से इसकी आपूर्ति की जाती थी, लेकिन अब यहीं खेती होने पर इसकी अच्छी कीमत मिल रही है। यहां का रंगीन शिमला मिर्च रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव जिले में जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी उनको 1 एकड़ में लगे 12 हजार पौधों से लगभग 42 लाख रूपए की आमदनी हो जाएगी। 1 पौधे से 3 किलोग्राम तक शिमला मिर्च का उत्पादन हो रहा है। मार्केट में 100-130 रूपए प्रति किलो शिमला मिर्च की बिक्री हो रही है। उन्होंने बताया कि उनकी यह इच्छा है कि यह क्षेत्र मिनी इजराईल की तरह विकसित हो जाए। शासन की योजना के अंतर्गत लाभान्वित होते हुए यहां के किसान कम स्थान एवं कम लागत में पॉली हाऊस जैसे नवीनतम व उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए अधिक से अधिक फसल लें। यहां ज्यादा से ज्यादा पॉली हाउस बने। उन्होंने बताया कि धान के बदले शिमला मिर्च की खेती में कम पानी की जरूरत होती है। धान की खेती से जहां एक एकड़ में 20 हजार रूपए, वहीं शिमला मिर्च की खेती में 20 लाख रूपए तक आमदनी हो रही है। उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन द्वारा अनुदान मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे पॉली हाउस बनाने एवं संरक्षित खेती करने के लिए मदद एवं प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने बताया कि पॉली हाउस में ही किनारों पर धनिया पत्ती लगाए थे, जिससे 70 हजार रूपए की आय हुई है। किसान देवेन्द्र ने बताया कि रंगीन शिमला मिर्च की खेती का नया अनुभव है। उन्होंने बताया कि शिमला मिर्च की तोड़ाई समय-समय पर की जा रही है। दूसरे जिलों में भी भेज रहे हैं। ऊर्जा एवं सकारात्मकता से भरपूर इन किसानों के चेहरों से खुशी बयां होती है। शिमला मिर्च की कटिंग एवं देखरेख के लिए गांव के स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिल रहा है।

## व्यापार समाचार

### डिजिटल पेमेंट में वर्ल्ड लीडर बन रहा भारत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई नेटवर्क के तेजी से विस्तार के कारण भारत डिजिटल पेमेंट टेक्नोलॉजी में वर्ल्ड लीडर के रूप में उभर रहा है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में दी गई। यूपीआई के जरिए अक्टूबर में 16.6 अरब लेनदेन हुए हैं। साथ ही इस दौरान इंस्टेंट डेबिट रिवर्सल 86 प्रतिशत रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 77 प्रतिशत था। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने रिपोर्ट में कहा है कि भारत का यूपीआई एक ओपन-एंडेड सिस्टम है। इसमें एक सिंगल एप्लीकेशन के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति या फिर व्यक्ति से व्यापारी के बीच आसानी से लेनदेन किए जा सकते हैं। पात्रा के अनुसार, डिजिटल क्रेडिट परिदृश्य में इनोवेशन जैसे अकाउंट एग्रीगेटर्स, ओसीईएन और ओएनडीसी पर वित्तीय सेवाओं ने भी उत्पादकता बढ़ाने में योगदान दिया है। ओएनडीसी मार्च 2024 तक 720 से ज्यादा शहरों में काम कर रहा है। इसके पास 49.72 मिलियन ऑर्डर हैं। ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) एमएसएमई के लगभग 52.2 ट्रिलियन रुपये के अनुमानित क्रेडिट गैप को बैंकों और क्लाइंट्स से जोड़कर पूरा करता है, जिससे फंडिंग लागत में 2.5 प्रतिशत तक की कमी आती है। पात्रा ने लिखा, टीआरईडीएस के माध्यम से फाइनेंस चालानों का मूल्य 23 गुना से अधिक बढ़ गया है। अक्टूबर 2024 तक लगभग 5,000 सक्रिय फिनटेक, एमएसएमई सहित व्यवसायों को विभिन्न वित्तीय और तकनीकी समाधान प्रदान करने में शामिल हैं, जिससे व्यवसायों को अपने संचालन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने और आपूर्ति श्रृंखला वित्त में सुधार करने में मदद मिलती है। भारत में ग्रामीण आबादी का लगभग 40 प्रतिशत और 20-30 वर्ष आयु वर्ग की कुल आबादी का 78 प्रतिशत लोग इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिनमें से लगभग एक तिहाई परिवार उपभोग्य सामग्रियों और सेवाओं की ऑनलाइन खरीदारी करते हैं।

### वेदांता डिमर्जर की प्रक्रिया आगे बढ़ी, एनसीएलटी ने शेयरधारकों और लेनदारों की बैठक के लिए रास्ता किया साफ

वेदांता लिमिटेड के डिमर्जर के लिए एक सकारात्मक कदम के रूप में, राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की मुंबई पीठ ने कंपनी द्वारा आदेश प्राप्त होने के 90 दिनों के भीतर इक्विटी शेयरधारकों, सुरक्षित और असुरक्षित लेनदारों की बैठकें आयोजित करने का रास्ता साफ कर दिया है। एनसीएलटी की तकनीकी सदस्य मधु सिन्हा और न्यायिक सदस्य रीता कोहली वाली दो सदस्यीय पीठ, ने 21 नवंबर के अपने आदेश में कहा, डीमर्जड कंपनी (वेदांता लिमिटेड)के इक्विटी शेयरधारकों की बैठक आदेश प्राप्त होने की तारीख से 90 दिनों के भीतर बुलाई जानी चाहिए। यह कदम वेदांता लिमिटेड द्वारा पिछले वर्ष सितंबर में एक योजना की घोषणा के बाद उठाया गया है, जिसके तहत वह अपनी व्यवसायिक इकाइयों को अलग करके स्वतंत्र प्योर प्ले कंपनियों में विभाजित करेगी, ताकि मूल्य को अनलॉक किया जा सके और प्रत्येक व्यवसाय के विस्तार और विकास में बड़े निवेश को आकर्षित किया जा सके। डिमर्जर योजना के अनुसार, वेदांता लिमिटेड के मौजूदा कारोबार को अलग कर दिया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप अंतत: छह अलग-अलग सूचीबद्ध कंपनियां बनेंगी - वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता पावर, वेदांता स्टील एंड फेरस मैटेरियल्स, वेदांता बेस मेटल्स और वेदांता लिमिटेड। वेदांता को पहले ही अपने 75त्न सुरक्षित लेनदारों के साथ-साथ स्टॉक एक्सचेंजों से अप्रूवल/हृहृष्ट मिल चुकी है। वेदांता के स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, वेदांता के विभाजन से कंपनी के कॉर्पोरेट ढांचे को सरल बनाने में मदद मिलेगी, जिसमें क्षेत्र केंद्रित स्वतंत्र व्यवसाय शामिल होंगे। यह वैश्विक निवेशकों, जिसमें सॉवरेन वेल्थ फंड, खुदरा निवेशक और रणनीतिक निवेशक शामिल हैं, को वेदांता की विश्व स्तरीय परिसंपत्तियों के माध्यम से भारत की उल्लेखनीय विकास कहानी से जुड़ी समर्पित प्योर प्ले कंपनियों में प्रत्यक्ष निवेश के अवसर प्रदान करेगा।

### कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड, मजबूत थीम के साथ देश की परिवर्तन यात्रा में भाग लेने का अवसर

**मुंबई:** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ( कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना न्यू फंड ऑफर कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड लॉन्च किया है। यह ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। यह स्कीम पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 25 नवंबर 2024 को खुल रही है, जबकि 09 दिसंबर 2024 को बंद होगी। कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड का उद्देश्य ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन), लॉजिस्टिक्स और संबंधित गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज में मुख्य रूप से निवेश करके लॉन्गाप टर्म में हाई रिटर्न हासिल करना है। इस थीम में ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सर्विसेज और कुशल व सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन के लिए इनोवेटिव समाधानों में शामिल बिजनेस के साथ-साथ इन सेक्टर का समर्थन करने वाली वित्तीय कंपनियों से जुड़े बिजनेस भी शामिल हैं।

### शादी के सीजन आते ही रफ्तार से बढ़ रहे हैं सोने के दाम

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सोने-चांदी भारतीय महिलाओं के लिए इमोशन की तरह है. लेकिन दिन पर दिन बढतें दाम की वजह से महिलाओं की इमोशन भी कम होते जा रहा है. वहीं सोने के दामों की बढ़ने की वजह का कारण ये है कि दुनिया भर में बन रहे युद्ध के हालात. साथ ही लो सबसे अच्छा निवेश सोने के निवेश का मानते हैं. यही वजह है कि सोने का भाव आसमान छू रहा है. अगर आप भी सोने को खरीदने को सोच रहे हैं तो जान लिजिए क्या आज का भाव. पिछले सप्ताह की बात करें तो सोने के दामों में 3990 रु की इजाफा देखने को मिला था. सोने के अलावा चांदी के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिली है।

## नोवाक जोकोविच ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी एंडी मरे को नया कोच नियुक्त किया



**लंदन( एजेंसी )।** लगभग एक दशक तक अपने साथ कई कठिन मुकाबले लड़ने के बाद, पूर्व विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच ने अपने एक समय के प्रतिद्वंद्वी एंडी मरे को ऑस्ट्रेलिया में 2025 सीज़न के पहले ग्रैंड स्लैम के लिए अपना कोच नियुक्त किया है। सर्बिया के 37 वर्षीय जोकोविच ने शनिवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की कि लंबे समय से दोस्त और प्रतिद्वंद्वी एंडी मरे मेलबर्न में अगले ऑस्ट्रेलियन ओपन से उनके नए कोच होंगे। मरे ने इस साल की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया था। मई 1987 में एक सप्ताह के अंतर से जन्मे, दोनों एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर चढ़े और दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर मुकाबला किया, जोकोविच और मरे 36 एटीपी हेड-टू-हेड शोडाउन में भिड़े, जिनमें से पूर्व ने 25 जीते। वे 19 फाइनल में मिले, जिसमें सात मेजर में चैंपियनशिप मैच और 2016 एटीपी फाइनल्स शामिल हैं। वे हाल ही में 2017 दोहा फाइनल में खेले थे। अपने सोशल मीडिया चैनल पर एक वीडियो संदेश में अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए, जोकोविच ने कहा, हमारे खेल में हमारे बीच कुछ सबसे शानदार मुकाबले हुए। उन्होंने हमें गेम-चेंजर, जोखिम लेने वाले और इतिहास बनाने वाले कहा। मुझे लगा कि हमारी कहानी खत्म हो गई है। लेकिन पता चला कि इसमें एक अंतिम अध्याय है। अब समय आ गया है कि मेरे सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों में से एक मेरे हिस्से में कदम रखे। कोच एंडी मरे का स्वागत है। जोकोविच ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार कहा, मैं अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों में से एक को अपनी टीम में, नेट के एक ही तरफ, इस बार अपने कोच के रूप में पाकर उत्साहित हूं। मैं एंडी के साथ सीजन की शुरुआत करने और मेलबर्न में उनके साथ रहने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं, जहां हमने अपने करियर के दौरान कई असाधारण पल साझा किए हैं। मरे भी साझेदारी को लेकर उत्साहित थे। मरे ने कहा, मैं तैयारी के दौरान नोवाक की टीम में शामिल होऊंगा और उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए सर्वश्रेष्ठ संभव आकार में लाने में मदद करूंगा।मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं और बदलाव के लिए नेट के एक ही तरफ होने का इंतजार कर रहा हूं। मैं आने वाले वर्ष के लिए उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनकी सहायता करने के अवसर के लिए भी आभारी हूं। इन्फोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार 2024 में जोकोविच ने 37-9 मैच रिकॉर्ड दर्ज किया। जनवरी में वह 100 करियर खिताब तक पहुंचने के लिए 11वां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने का प्रयास करेंगे। जोकोविच ओपन एरा में सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी हैं, जिन्होंने रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, जबकि 37 वर्षीय मरे ने 2013 और 2016 में विंबलडन खिताब सहित तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। रोजर फेडरर और राफेल नडाल के साथ वे दोनों कई वर्षों तक टेनिस के फैब फोर का हिस्सा रहे।

## पुनीत गोयनका ने जी एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक पद पर पुनर्नियुक्ति के लिए अपनी सहमति वापस ली




**नयी दिल्ली ।** पिछले सप्ताह प्रबंध निदेशक के पद से इस्तीफा देने वाले जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत गोयनका ने आगामी सालाना आम बैठक (एजीएम) में इस पद पर पुनर्नियुक्ति से भी खुद को अलग कर लिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शेयर बाजार को गोयनका का त्यागपत्र साझा करते हुए कहा कि वह कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्ति के लिए अपनी सहमति वापस ले रहे हैं, जैसा कि आगामी वार्षिक आम बैठक के नोटिस में प्रस्तावित है।'' इससे पहले 18 अक्टूबर, 2024 को जी एंटरटेनमेंट के निदेशक मंडल ने एक जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2029 तक प्रभावी पांच साल के कार्यकाल के लिए गोयनका की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में गोयनका का वर्तमान कार्यकाल 2024 के अंत में समाप्त होने वाला था। गोयनका की पुनर्नियुक्ति आगामी एजीएम में शेयरधारकों की मंजूरी पर आधारित थी, जो 28 नवंबर को होने वाली है। हालांकि, 18 नवंबर को मीडिया दिग्गज सुभाष चंद्रा के बेटे पुनीत गोयनका ने जी एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था।

## जॉर्डन अंगूठे में चोट के कारण न्यूजीलैंड में इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज से बाहर




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स अंगूठे में चोट के कारण न्यूजीलैंड में इंग्लैंड की आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं, साथ ही टीम ने कहा कि उनके प्रतिस्थापन की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। कॉक्स, जिन्होंने पहले इंग्लैंड के लिए वनडे और टी20 मैच खेले हैं, अगले सप्ताह क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में सीरीज के पहले मैच में जेमी स्मिथ की जगह टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले थे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं। लेकिन सर जॉन डेविस ओवल में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दौरे के मैच के दूसरे दिन खेलने से पहले स्पिन-गेंदबाजी कोच जीतन पटेल से थ्रोडाउन का सामना करते समय इंग्लैंड के नेट सत्र में उनके दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने एक बयान में कहा, मैं जॉर्डन (कॉक्स) के लिए दुखी हूं। न्यूजीलैंड आने के बाद से ही वह बल्ले और दस्ताने दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यही खेल है और दुर्भाग्य से ऐसी चीजें होती रहती हैं। हम उसके साथ रहेंगे और उसकी देखभाल करेंगे। वह लचीला है और भविष्य में कभी न कभी उसका समय आएगा। कॉक्स की अनुपस्थिति में, इंग्लैंड के उप-कप्तान ओली पोप ने अभ्यास मैच के अंतिम दिन विकेटकीपर की भूमिका निभाई और अगर प्रतिस्थापन खिलाड़ी पहले टेस्ट के लिए समय पर नहीं आता है तो वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। पोप इससे पहले तीन बार टेस्ट में इंग्लैंड के लिए विकेटकीपर रह चुके हैं - एक बार 2019 में न्यूजीलैंड में और दो बार 2022 में पाकिस्तान में। उनकी अनुपस्थिति का मतलब यह भी है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज जैकब बेथेल इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद से डेब्यू करने के बाद अपनी पहली टेस्ट कैप हासिल कर सकते हैं।

## मार्केट आउटलुक : एफआईआई, जीडीपी डेटा और वैश्विक रुझानों से तय होगा शेयर बाजार




**मुंबई( एजेंसी )।** महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की जीत के बाद शेयर बाजार के लिए अगल हफ्ता काफी अहम होने वाला है। इस दौरान निवेशकों की निगाहें विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) डेटा, दूसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े, रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों के साथ अन्य फैक्टर्स पर होंगी। यह जानकारी एक्सपर्ट्स द्वारा दी गई। पिछले हफ्ता शेयर बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। हफ्ते की शुरुआत में बाजार में गिरावट देखने को मिली, लेकिन शुक्रवार को बाजार में बड़ी तेजी देखने को मिली और निफ्टी 2.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,907.25 और सेंसेक्स 2.54 प्रतिशत बढ़कर 79,117 पर बंद हुआ। इस तेजी के कारण साप्ताहिक आधार पर निफ्टी और सेंसेक्स में 1.6 प्रतिशत और 2 प्रतिशत की बढ़त हुई। इस रैली में एनर्जी को छोड़कर सभी सेक्टरों की भागीदारी देखने को मिली। इसमें रियल्टी, ऑटो और एफएमसीजी प्रमुख थे। जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार ने शुक्रवार को मजबूत उछाल के साथ मौजूदा हफ्ते के नुकसान की भरपाई की। इस दौरान निवेशकों ने तेजी के अवसर का उपयोग पिटे हुए शेयरों को खरीदने में किया। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड की निदेशक पल्का अरोड़ा चोपड़ा का कहना है कि महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति की जीत से राजनीतिक स्थिरता आएगी और यह निवेशकों के सेंटीमेंट के लिए काफी सकारात्मक है। इससे बाजार में एक रैली देखने को मिल सकती है। चोपड़ा ने आगे कहा कि हफ्ते के दौरान निफ्टी ने हरे निशान में 23,900 के ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बेंचमार्क के लिए 24,100 एक अहम रुकावट का स्तर होने वाला है। अगर इंडेक्स इस स्तर के ऊपर निकलता है तो यह 24,500 तक जा सकता है। 23,700 एक अहम सपोर्ट लेवल है। अगर यह इसे तोड़ता है तो 23,400 तक जा सकता है।

## विराट कोहली ने लगाया 80वां इंटरनेशनल शतक, पर्थ में छोड़ा सचिन तेंदुलकर को पीछे




**पर्थ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के साथ खेले जा रहे पर्थ टेस्ट मैच में विराट कोहली के बल्ले से तनतना हुआ शतक आ गया है. कोहली ने अपनी 30वां टेस्ट और 80वां इंटरनेशनल सेंचुरी लगाई है. रन मशीन के नाम से मशहूर कोहली पारी में सस्ते में आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने शतक जड़ा और अपनी टीम के लिए अहम रन बनाते हुए आगे बढ़ रहे हैं. बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेलने ऑस्ट्रेलिया पहुंची भारतीय टीम कमाल के अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए आगे बढ़ रही है. पहले यशस्वी जायसवाल ने पर्थ टेस्ट में शतक ठोका और फिर फॉर्म में लौटे विराट कोहली ने सेंचुरी बना दी है. ये विराट का 30वां टेस्ट शतक और 80वां इंटरनेशनल शतक है. इस सेंचुरी के साथ ही ना केवल कोहली ने रिकॉर्ड्स की बारिश कर दी है बल्कि भारतीय टीम को और भी मजबूत स्थिति में ले आए हैं. विराट कोहली ने 143 गेंदों का सामना किया और 100* पर नाबाद लौटे कोहली ने अपनी पारी को 8 चौके और 2 छक्के लगाए. पर्थ टेस्ट में शतक लगाने के बाद विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा को क्रेडिट दिया. उन्होंने कहा, अनुष्का हर मुश्किल वक्त में मेरे साथ खड़ी रही हैं. उन्हें पर्दे के पीछे की हर बात पता है. उन्हें पता है कि जब आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं तो आपके दिमाग में क्या चल रहा होता है. मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ दिखावे के लिए इधर-उधर घूमता रहता हूं. मुझे देश के लिए प्रदर्शन करने पर गर्व है.

## सैमसंग आर एण्ड डी इंस्टिट्यूट, नोएडा और आईआईटी बॉम्बे ने डिजिटल हेल्थ, एआई और दूसरी उभरती टेक्नोलॉजीज में शोध को बढ़ावा देने के लिये एमओयू किया



**गुरुग्राम:** सैमसंग आर एण्ड डी इंस्टिट्यूट, नोएडा (एसआरआई-नोएडा) ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (आईआईटी बॉम्बे) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके द्वारा सैमसंग ने उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच सहयोग के लिये अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इस एमओयू के तहत एसआरआई-नोएडा और आईआईटी बॉम्बे मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल हेल्थ और दूसरे महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों में नई खोज करेंगे। पाँच साल की इस भागीदारी में शोध की संयुक्त परियोजनाएं होंगी, जो आईआईटी बॉम्बे के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को सैमसंग के इंजीनियरों के साथ मिलकर काम करने का मौका देंगी। इस तरीके से विद्यार्थियों के लिये नये रास्ते खुलेंगे और उद्योग के लिये उनकी तैयारी भी बढ़ जाएगी। इसके अलावा, सैमसंग के इंजीनियरों के लिये उभरती टेक्नोलॉजीज जैसे कि डिजिटल हेल्थ और एआई में आईआईटी बॉम्बे के प्रशिक्षण तथा प्रमाणन के विशिष्ट प्रोग्राम होंगे। इस एमओयू पर एसआरआई-नोएडा के प्रबंध निदेशक क्युनग्युन रू और आईआईटी बॉम्बे में शोध एवं विकास के एसोसिएट डीन प्रोफेसर उपेन्द्र वी. भंडारकर ने हस्ताक्षर किये। आईआईटी बॉम्बे में हुए आयोजन में कोइटा सेंटर फॉर डिजिटल हेल्थ (केसीडीएच) के शिक्षक सदस्य, जैसे कि केसीडीएच के प्रमुख प्रोफेसर रणजीत पादिनहतीरी, प्रोफेसर निर्मल पंजाबी और डॉ. राघवेन्द्रन लक्ष्मीनारायणन उपस्थित थे। एसआरआई-नोएडा के प्रबंध निदेशक क्युनग्युन रू ने कहा, ''यह साझेदारी उद्योग की विशेषज्ञता और शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक दमदार संगम है, जो नये शोध, नवाचार एवं प्रतिभा विकास के दरवाजे खोल रही है। हम आईआईटी-बॉम्बे के बेमिसाल शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, ताकि सार्थक उन्नति हो और ऐसे समाधान विकसित किये जा सकें, जो डिजिटल हेल्थ, एआई और उभरती टेक्नोलॉजीज में असल दुनिया की चुनौतियों को हल करें। साथ मिलकर हमारा मकसद ज्ञान को साझा करने और नवाचार के लिये एक ऐसा सिस्टम बनाना है, जो हमारी संस्था और समाज, दोनों के लिए फायदेमंद हो।'

## उपमन्यु चटर्जी की पुस्तक लोरेंजो सर्चेज फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ ने साहित्य के लिए 7वां जेसीबी पुरस्कार जीता



**चंडीगढ़:** स्पीकिंग टाइगर बुक्स द्वारा प्रकाशित उपमन्यु चटर्जी द्वारा लिखित लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफलाइफको साहित्य के लिए 2024 जेसीबी पुरस्कार के विजेता के रूप में घोषित किया गया है, और 25 लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम जेसीबी इंडिया मुख्यालय, बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया था। प्रतिष्ठित ट्रॉफी, जो दिल्ली के कलाकार जोड़ी, ठुकराल और टैगरा द्वारा बनाई गई एक मूर्ति है, जिसका शीर्षक मिरर मेल्टिंग है, उपमन्यु चटर्जी को प्रदान की गई। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जेसीबी के चेयरमैन लॉर्ड बैमफोर्ड की ओर से जेसीबी इंडिया के सीईओ और एमडी श्री दीपक शेट्टी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए, श्री दीपक शेट्टी ने कहा, साहित्य के लिए जेसीबी पुरस्कार की परिकल्पना लॉर्ड बैमफोर्ड द्वारा भारतीय साहित्य की भारतीयता का जश्न मनाने के लिए की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में इस पुरस्कार ने कुछ सबसे विविध कार्यों को आकर्षित किया है और यह वर्ष भी कुछ अलग नहीं है। उन्होंने इस मौके पर पूरे जेसीबी परिवार की ओर से उपमन्यु चटर्जी की लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफलाइफको बधाई दी। श्री शेट्टी ने कहा कीक्षेत्रीय भाषाओं में समकालीन भारतीय साहित्य में पाठकों को देने के लिए बहुत कुछ है। प्रकाशक उच्च-गुणवत्ता वाले अनुवादों का समर्थन करने और उन्हें बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 26 नवम्बर 2024

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 26 नवम्बर को कैबिनेट की बैठक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 26 नवम्बर को सवेरे 9:30 बजे राजधानी रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित संविधान दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज से अम्बेडकर चौक तक आयोजित पदयात्रा में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय पूर्वान्ह 11:50 बजे मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर पहुंचेंगे और दोपहर 12 बजे मंत्रिपरिषद की बैठक में शामिल होंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में 8.95 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी, किसानों को 1575.16 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत जारी है। 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 8.95 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 1.91 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 1575 करोड़ 16 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 25 नवम्बर को 47296 किसानों से 2.17 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके लिए 51170 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 53439 टोकन जारी किए गए हैं।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रदेश के सभी 33 जिलों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा माह नवंबर 2024 में दिनांक 27.11.2024 को निधि आपके निकट 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 33 जिलों में क्रमश: जनपद पंचायत बालोद, कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट ऑफिस बलोदाबाज़ार, जिला पंचायत बलरामपुर, एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार जगदलपुर, जनपद पंचायतबेमेतरा, नेशनल हेल्थ मिशन (NHM) बीजापुर, ई एस आई सी ब्रांच बिलासपुर, एनएमडीसी किरंदुल दंतेवाड़ा, जिला पंचायत धमतरी, ईएसआईसी राधिका नगर भिलाई-दुर्ग, जनपद पंचायत गरियाबंद, श्रम कार्यालय गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, कलेक्टर परिसर जांजगीर, जनपद पंचायत जशपुर, जिला पंचायत कबीरधाम (कवर्धा), कलेक्टर परिसर कांकेर, जनपद पंचायत छुईखदान खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, नगर पालिका निगम कोंडागांव, श्रम कार्यालय रामपुर कोरबा, नगर पालिका परिसद बैकुंठपुर कोरिया, जिला पंचायत महासमुंद, नगर निगम मनेन्द्रगढ़, जनपद पंचायत कार्यालय मोहला मोहला-मानपुर-चौकी, कलेक्टोरेट परिसर मुंगेली, जिला पंचायत कार्यालय नारायणपुर, ईएसआईसी कार्यालय रायगढ़, ईएसआईसी कार्यलय चौबे कॉलोनी रायपुर, ईएसआईसी कार्यालय वर्धमान नगर राजनांदगांव, जनपद पंचायत सारंगढ़, जिला पंचायत अंबिकापुर सरगुजा, नगर पालिका परिषद् सक्ती, नगर पालिका कार्यालय सुकमा, जिला पंचायत सूरजपुर स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अत: समस्त नियोक्ताओं/ अंशधारकों/ पेंशनरों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं/ शिकायतों के निराकरण हेतु उक्त स्थानों पर जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करें।

## हम बिजली ही नहीं देश के लिए खिलाड़ी भी पैदा करते है : डॉ. रोहित यादव

**अखिल भारतीय लॉन टेनिस में केरल विजेता, उत्तरप्रदेश उपविजेता, छत्तीसगढ़ तीसरा**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कहा कि यह बहुत ही सुखद है कि राज्य विद्युत कंपनियों, मण्डलों, निगमों में खेल-कूद की गतिविधियों पर ध्यान दिया जाता है। जिसके कारण यहां की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर योगदान कर रही है तथा भारतीय टीम में भी जगह बनाने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है कि हम देश के लिए सिर्फ बिजली ही नहीं पैदा करते बल्कि खिलाड़ी भी पैदा करते है और सिर्फ बिजली आपूर्ति ही नहीं करते बल्कि देश के लिए खिलाड़ियों की आपूर्ति भी करते हैं।

स्पर्धा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रोहित यादव ने कहा कि हमारे जीवन में खेल का बहुत अधिक महत्व है। नौकरी में आने के बाद सामान्यत: खेलना छूट जाता है लेकिन आप सभी खिलाड़ियों ने अपने बचपन के सपने को अभी भी जीवंत रखा है यह सराहनीय है। खेल से जहां एक तरफ शरीर स्वस्थ रहता है वहीं दूसरी ओर यह काम-काज के तनाव को भी दूर करता है। खेल का यह अनुभव किसी किताब या किसी स्कूल में नहीं मिलेगा। यह पॉवर कंपनी के कर्मियों में एकता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार, ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। केंद्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के महासचिव श्री एम.एस. चौहान ने स्वागत भाषण दिया।

तीन दिनों तक चली लॉन टेनिस स्पर्धा में केरल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। टीम इवेंट में केरल राज्य विद्युत मण्डल विजेता रही। उपविजेता का खिताब उत्तरप्रदेश को मिला। तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की टीम रही। ओपन सिंगल्स में केरल के श्री सूरज एच प्रथम रहे, दूसरे स्थान पर असम के श्री वाय.ए. अहमद एवं तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ के श्री रजनीश ओबेरॉय रहे।

इसी तरह ओपन डबल्स में केरल के श्री सूरज एच एवं श्री गौतम कृष्णा विजेता रहे। आंध्रप्रदेश श्री मनेश और श्री के. मूर्ति दूसरे एवं केरल के श्री बीनू एम और श्री बिनोज एम तीसरे स्थान पर रहे। उद्घाटन समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र ने किया। इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, असम, कर्नाकट, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कोलकाता, तेलंगाना राज्य से विद्युत कंपनियों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकगण सर्वश्री के.एस. मनोठिया, जे.एस. नेताम, आर.सी. अग्रवाल, सी.एल. नेताम, एम.एस. कंवर, संदीप मोदी, गिरीश गुप्ता, डॉ. एच.एल. पंचारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**खरीदी में शिकायत मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**समितियों से किसानों का 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने मंत्री के निर्देश**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मनेंद्रगढ़ के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने धान खरीदी केंद्र रतनपुर, बरदर, खड़गंवा और बड़ाबाजार केंद्रों का निरीक्षण करते हुए धान खरीदी का जायजा लिया। श्री जायसवाल ने धान खरीदी केंद्रों में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेते हुए समितियों में धान खरीदी प्रक्रिया का भी जायजा लिया। इस दौरान श्री जायसवाल ने समितियों में धान बेचने आए किसानों को माला पहनाकर और श्रीफल देकर सम्मानित भी किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही समिति प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से ही धान खरीदी की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर सभी जिलों में धान खरीदी का कार्य सुगमतापूर्वक चल रहा है। उन्होंने कहा कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ से कम धान खरीदी की शिकायत मिलने पर समितियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महिला स्व सहायता समूह रेडी टू ईट संघ की महिलाओं ने माँगे पूर्ण न होने पर आंदोलन करने की कही बात




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर में आज प्रेस क्लब रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला स्व सहायता समूह रेडी टू ईट संघ के द्वारा प्लीज कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेडी टू ईट के कार्य वापसी हेतु माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े जी को अवगत कराया गया कि आपके द्वारा मीडिया एवं अखबार के माध्यम से अनेकों बार कहा गया है कि रेडी टू ईट का कार्य संचालन करने हेतु पुन~ समूह की महिलाओं को दे दिया गया है परंतु आज तक हमारा काम वापस नहीं हुआ है हमारा काम हमें वापस चाहिए इसकी घोषणा आप कब और कहां करेंगी इस बात को मीडिया के माध्यम से उन तक पहुंचा या गया जिसके लिए इस कॉन्फ्रेंस में हमारी समुह की बहन। कल्पना पाटिल, सरस्वती दुबे, रेखा तिवारी श्रीमती मोंगरा देवी साहू श्रीमती पिंकी वर्मा श्रीमती सायरा खान जी श्रीमती निर्मला साहू श्रीमती चमेली साहू श्रीमती आरती चंद्राकर श्रीमती लता साहू श्रीमती मनीषा चंद्राकर पूरे प्रदेश प्रतिनिधित्व कर रहे बहनों ने बताया कि अगर हमें हमारा काम वापस नहीं मिलता तो हमें मजबूर होकर उग्र आंदोलन करना पड़ेगा।

## जीवन में स्पार्क रहे तो फिर क्यों कुछ डार्क रहे : गिरीश पंकज

**रेडियो स्पार्क का शुभारंभ : निदेशक वर्षा ने कहा- यह छत्तीसगढ़ी कलाकारों के लिए एक मंच**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जीवन में स्पार्क रहे, तो फिर क्यों कुछ डार्क रहे, ऐसा कुछ काम करें हम जग में, सदियों उसकी मार्क रहे। इन्हीं पंक्तियों के साथ वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार गिरीश पंकज ने अपनी कविता पढ़ी। वे रायपुर के वृंदावन हाल में रेडियो स्पार्क के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

रेडियो स्पार्क की डायरेक्टर वर्षा भिवगड़े ने बताया कि यह रेडियो छत्तीसगढ़ी भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए खोला गया है। संयोजक शांता शर्मा ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ी कलाकारों के लिए एक अच्छा मंच है जहाँ वे अपनी प्रस्तुति दे सकते हैं। यह डोंगरगढ़ का पहला रेडियो है।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध कविता 'नन्दा जाही का रे' का पाठ किया।

वरिष्ठ पत्रकार अंशुमन शर्मा ने कहा कि ऐसा कुछ कम करो कि लोग आपसे नौकरी मांगे। उन्होंने अपनी प्रतिभा, नवाचार पर जोर दिया और युवाओं को संदेश दिया। प्रोफेसर डॉ शाहिद अली ने कहा कि काम ऐसा करो कि लोग आपको सिर्फ नाम से नहीं आपके काम और प्रतिभा से याद रखें।

कवियत्री अन्नपूर्णा पवार ने नारी शक्ति पर कविता सुनाई। कार्यक्रम में मोर रायपुर फेम् 'अभिनंदन ग्रुप' के दिव्यांग बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। वरिष्ठ पत्रकार डॉ अवधेश मिश्रा, कैलाश जायसवाल, कमल शर्मा, आरएसएस से शिरीष अग्रवाल, समाजसेवी पवन अग्रवाल, डॉ टोपेश शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम में पंडवानी गायिका हेमलता पटेल, छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर बनाने वाले ईश्वर साहू, धनेश साहू, संगीता शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## रायपुर मंडल द्वारा अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'जश्न-ए-अभिनय' का आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा दिनांक 22.11.2024 को अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नाटक)-2024 'जश्न-ए-अभिनय' के अंतर्गत एकांकी नाटक, एकल अभिनय एवं मिमिक्री प्रतियोगिता का आयोजन 'उल्लास' रेल अधिकारी क्लब रायपुर में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे मंडल रेल प्रबंधक रायपुर, श्री संजीव कुमार उपस्थित थे।

स्वागत एवं परिचयात्मक भाषण श्री राहुल गर्ग मंडल कार्मिक अधिकारी(प्रभारी) द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं प्रतियोगिता की थीम 'जश्न-ए-अभिनय' का अर्थ बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता आपसी रण की नहीं अपितु सभी कलाकारों के आपसी समन्वय से एक दूसरे की कला को सीखते हुए, अभिनय का जश्न मनाने के लिए है। अपने संबोधन मे मुख्य अतिथि महादेय ने उपरोक्त कार्यक्रम के आयोजन मे भागीदारी करने वाले सभी रेल कर्मचारियों एव उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है, नाटकों के माध्यम से हम समाज में फैली बुराईयों एवं कुरूतियों को प्रगट कर समाज को जागृत कर सकते है। मंडल रेल प्रबंधक महोदय के मार्गदर्शन मे प्रतियोगिता का लाईव प्रसारण भी किया गया।

प्रतियोगिता में द.पू.म.रेलवे के अंतर्गत आने वाले मंडल/मुख्यालय मे से नाटक हेतु रायपुर की 03, नागपुर की 02 एवं मुख्याकलय की 01 टीम ने अपनी भागीदारी की, इसी तरह एकल अभिनय में 10 एवं मिमिक्री प्रतियोगिता में 06 प्रतियोगी रहे। समापन समारोह में श्रेष्ठ प्रस्तुतियों को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रायपुर श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी एवं मंडल कार्मिक अधिकारी(प्रभारी) श्री राहुल गर्ग द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

नाटक प्रतियोगिता में रायपुर मंडल के नाटक 'अश्वथामा' को प्रथम, नागपुर मंडल के नाटक 'धड़ीचा' को द्वितीय एवं मुख्यालय के नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। एकल अभिनय में नागपुर मंडल की तनुश्री चौहान प्रथम, मीनल चौकसे ने द्वितीय एवं मुख्यालय की रूपेश्वरी भोंसले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं मिमिक्री प्रतियोगिता मे नागपुर मंडल के श्री आशीष पाल प्रथम, रायपुर मंडल के श्री सूर्यकांत वर्मा द्वितीय एवं केसरी बाग तीसरे स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक श्री एल.वी.एस.पी.रेड्डी (रायपुर), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्री अवनीश त्रिपाठी (नागपुर), सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री श्रीमती प्रियंका फूलझेले (मुख्यालय), सर्वश्रेष्ठ मंचसज्जा एवं प्रकाश श्री धीवेन्द्र निनावे(नागपुर), सर्वश्रेष्ठ रूपसज्जा एवं वेश-भूषा श्रीमती मधुरिमा पहाड़ी (नागपुर) एवं सर्वश्रेष्ठ पार्श्व संगीत श्री रत्नेश कुमार साहू (रायपुर) रहे। ओवरऑल चैम्पियन नागपुर मंडल को घोषित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात एवं वरिष्ठ रंगकर्मी श्री संतोष जैन, श्रीमती नूतन रिज़वी एवं श्री सुब्रत शर्मा उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन, श्रीमती निकिता अग्रवाल, मंडल कार्मिक अधिकारी, रायपुर द्वारा किया गया।

## हरगुन कौर मनचन्दा एवं जसराज सिंह मनचन्दा का कॉमनवेल्थ कराटे चैम्पियनशिप में हुआ चयन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ के खिलाड़ी हरगुन कौर मनचन्दा एवं जसराज सिंह मनचन्दा का कॉमनवेल्थ कराते चैम्पियनशिप के लिये सबजूनियर वर्ग में भारतीय टीम मे चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 27 नवम्बर से 1 दिसंबर तक डरबन, साउथ अफ्रीका मे आयोजित किया जाना है।

इस प्रतिस्पर्धा में जसराज (8 वर्ष) पुरुष वर्ग के -10 वर्ष आयु वर्ग में +30 कि.ग्रा. में तथा हरगुन (10 वर्ष) महिला वर्ग के-12 वर्ष आयु वर्ग में-40 कि.ग्रा में भारतीय टीम का प्रतिवितिधत्व करेंगी। यह प्रतिस्पर्धा कॉमनवेल्थ कराते फेडरेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कोच तुषार परगनिहा ने जानकारी दी की हाल ही में वुहान, चीन में आयोजित एशियन यूथ कराते टूर्नामेंट में हरगुन एवं जसराज ने सब जूनियर वर्ग मे शानदार प्रदर्शन किया था। इस प्रतिस्पर्धा में जसराज (8 वर्ष) पुरुष वर्ग के -10 वर्ष आयु वर्ग में -40 कि.ग्रा. में भारतीय टीम का प्रतिवितिधत्व करते हुए चीन को 7-2,मकाउ को 6-1 तथा सेमीफाइनल मे मकाउ के ही खिलाड़ी को 7-0 से हराते हुए फाइनल मे जगह बनाई। फाइनल मे जसराज का मुकाबला मलेशिया के खिलाड़ी से हुआ जिसमें वह आखिर क्षणों तक 2-0 तक आगे रहे किन्तु मुकाबला मलेशिया के नाम रहा और जसराज सिंह को रजत पदक हासिल हुआ।

हरगुन ने छत्तीसगढ़ में आयोजित विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण पदक तथा जसराज ने 11 स्वर्ण पदक के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दोनो ने रजत पदक तथा लगातार दो वर्षों में वेस्ट जोन प्रतियोगिताओं मे दोनों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

इस अवसर पर कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान भरत शर्मा जी, छत्तीसगढ़ कराते-डु एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हिया नायडू जी तथा ठुद्ध महासचिव अमल तालुक जीदार जी एवं रायपुर कराते एसोसिएशन की महासचिव हर्षा साहू ने समस्त पदाधिकारियों की ओर से बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

## कलिंगा विश्वविद्यालय में बिजनेस प्लान प्रतियोगिता, आइडियाथॉन 4.0 का आयोजन सम्पन्न




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 23 नवंबर, 2024 को, कलिंगा विश्वविद्यालय ने आइडियाथॉन 4.0 का सफलतापूर्वक समापन किया, जो युवा नवप्रवर्तकों के लिए उद्यमशीलता के विचारों और व्यावसायिक योजनाओं को प्रस्तुत करने और युवा दिमागों की रचनात्मकता का उपयोग करने के लिए एक गतिशील मंच है, जिसका आयोजन वाणिज्य और प्रबंधन संकाय द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों को अपने जुनून से जुड़ने, सामाजिक समस्याओं की खोज करने तथा मानवता के जीवन को बेहतर बनाने वाले समाधान सुझाने के लिए प्रेरित और उत्साहित किया।

कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ के परिसर में 22 एवं 23 नवंबर, 2024 को आयोजित इस कार्यक्रम में आईआईटी हैदराबाद, मास्टर यूनियन स्कूल ऑफ बिजनेस, आईआईईबीएम पुणे, आईसीएफएआई, एमिटी, यूनिवर्सिटास इस्लाम इंडोनेशिया, सीवीआर हैदराबाद, एनआईएसएम मुंबई, श्री दावरा विश्वविद्यालय, ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय और केके मोदी विश्वविद्यालय सहित प्रतिष्ठित संस्थानों की महत्वपूर्ण भागीदारी का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ हुआ, जो अज्ञानता के निवारण तथा ज्ञान और आत्मज्ञान के आगमन का प्रतीक था। इसमें विशेषज्ञ निर्णायकों के पैनल के साथ-साथ कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति और वरिष्ठ संकाय सदस्यों सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इसके बाद कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने युवा मस्तिष्कों में नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने विश्वविद्यालय के विजन, मिशन और उपलब्धियों पर एक व्यापक जानकारी दी, जिसमें शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता, छात्रों के बीच नवाचार और उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने के लिए कलिंगा वि.वि. की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

संबोधन में शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सेतु बनाने, छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने में सशक्त बनाने, विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक सुविधाओं, जीवंत शैक्षणिक संस्कृति और वैश्विक साझेदारियों के लिए आइडियाथॉन 4.0 के महत्व पर प्रकाश डाला गया, जो सीखने और विकास के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। विश्वविद्यालय की अंतर्दृष्टि ने प्रतिभागियों और अतिथियों को आने वाली पीढ़ी के विचारकों, नवप्रवर्तकों और समस्या समाधानकर्ताओं को आकार देने में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका की गहरी समझ प्रदान की।

प्रतिभागियों को पांच सदस्यों की टीमों में संगठित किया गया और उन्हें विस्तृत व्यावसायिक योजनाएँ प्रस्तुत करनी थीं। दो चरणों के कठोर मूल्यांकन के बाद, फाइनलिस्टों ने अपने विचार एक विशेषज्ञ पैनल के सामने प्रस्तुत किए। विशेषज्ञ पैनल में श्री पलाश खंडेलवाल- आरम्भ स्कूल के संस्थापक, श्री स्वप्निल अग्रवाल- रोड्रो टेक के संस्थापक, श्री तरनबीर सिंह साहनी संस्थापक vsnapu, जो शार्क टैंक इंडिया के भी प्रतिभागी हैं, श्री यशराज अग्रवाल- सीईओ जिमबुक, श्री कपिल गट्टानी- संस्थापक रॉयल फ्लॉस, सीए योगेश साहू, श्रीमती साक्षी अग्रवाल मित्तल- हेल एन हेल्दी की संस्थापक, श्री अभिनव खंडेलवाल बीप्लान एडवाइजर्स में वेंचर बिल्डर और गोइंगवीसी पार्टनर्स और आह! वेंचर्स में वेंचर पार्टनर और श्री प्रखर अग्रवाल संस्थापक गो-टू फ्रेंड शामिल थे। सत्र हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था और विजेता टीम को 25,000 रुपये का पुरस्कार दिया गया, जबकि उपविजेता को 15,000 रुपये, 10,000 रुपये और 5,000 रुपये के पुरस्कार मिले।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354